24 घंटे 365 दिन

# खुलासा फर्स्ट

पक्का इंदौरी अखबार

इंदौर, मंगलवार, 07 मई 2024 | वर्षः 06 | अंकः 21 | वैशाख कृष्ण पक्ष - 14 | कुल पृष्ठः 16 | मूल्य : 2 रुपए



# चिलचिलाती धूप, आस्था नंगे पांव

खुलासा फर्स्ट

**जमीनी सच**

साहस-सलीके के साथ...

**सिर पर पोटली उठाए जत्थे के जत्थे भरचक गर्मी में पैदल ही नाप रहे हैं राजा महाकाल की नगरी को**

**आपको पता है पानी कैसे बरसता है? बादल नमी खींचते हैं, अरब सागर, बंगाल की खाड़ी, हिंद महासागर, चक्रवात, विक्षोभ आदि- आदि। इन सबके तालमेल से पानी बरसता है। ये ही सार्वभौमिक सत्य है, लेकिन हकीकत उलट है। फिर कैसे बरसता ये पानी? किसकी प्रार्थना से पसीजता है आसमान का कलेजा? क्या सिर्फ वैज्ञानिक कारण ही वर्षाकाल लेकर आते हैं? आग उगलती गर्मी के बाद, उसी आसमान से बारिश होने की उम्मीद का आधार सिर्फ विज्ञान ही है? या कोई अन्य ताकत भी काम करती है?**

## अवंतिकापुरी में हिलोरें मार रही समूचे मालवा अंचल की भक्ति

### एसी-कूलर-पंखे की ठंडी हवा में बैठे शहर के लोग आकर देखें- कैसे आस्था के आगे हारती है गर्मी

**भीषण गर्मी में उज्जैन में चल रही है 118 किमी लंबी पंचक्रोशी यात्रा, आज-कल दोनों दिन यात्रा का नगर प्रवेश**

नितिन मोहन शर्मा
94250-56033
खुलासा फर्स्ट इंदौर

जब सब तरफ आग उगलती गर्मी। पेड़-पौधे, जड़-चेतन तक सब त्राहिमाम कर उठते हैं। कुएं, सरोवर, ताल-तलैया के कंठ सूख जाते हैं। निर्मल नीर से भरी नदियां भी रीति हो जाती है। धरती का कलेजा भी फट जाता है। आसमान में दूर-दूर तक उम्मीद का कोई बादल नजर नहीं आता। न कोई कल्पना कर सकता कि आग उगलता आसमान, नेह की झर-झर बूंद भी बरसाएगा? विज्ञान जरूर ये ज्ञान देता है कि ये सब हालात बारिश- पानी के लिए ही बनते हैं, लेकिन ये तो विज्ञान के आगमन के बाद की बात है न? इसके पहले कैसे और किसे पता होता था कि गर्मी के बाद पानी आएगा?

ये जो पानी बरसता है न, ये न विज्ञान के तकनीकी कारणों से न आप-हमारे शहरी समुदाय के कारण बरसता है। आग उगलता आसमान रीझता है जमीन पर होने वाली प्रार्थनाओं से। निर्दोष प्रार्थना। अटूट आस्था के संग। चिलचिलाती धूप में भी आसमान से असीम उम्मीद का ये नाता कैसे उपजता है और कौन है इबादतगार? किनकी प्रार्थनाओं से आसमान का कलेजा पसीजता है और वह उष्मा रश्मियों की जगह नेह की बूंदें उड़ेलने लग जाता है?

जानना चाहते हो कौन हैं वे जिनकी प्रार्थनाओं से बारिश होती है? देखना चाहते हो उन लोगों को, जिनकी आस्था-विश्वास-समर्पण के बल पर बूंद-बूंद की तरसती वसुंधरा का आंचल तरबतर हो जाता है? ताल-तलैया, कूप-सरोवर, सरिताओं के सूखे कंठ की प्यास किन लोगों के कारण बुझती है? परिचित होना चाहेंगे ऐसे लोगों से? तो चले आइए राजा महाकाल की नगरी अवंतिकापुरी यानी उज्जैन में। यहां आस्था चिलचिलाती धूप में नंगे पांव सड़कों पर हिलोरें मार रही है। एक जनसमुद्र सा हिलोर ले रहा है। 40-42 डिग्री तापमान को ताक में रख हजारों हजार कदम उस नगरी, उस हरि-हर की परिक्रमा कर रहे हैं, जो उनके इष्ट हैं, जिनमें उनकी अटूट आस्था है। ये वे ही लोग है, जो भीषण गर्मी को बगल में दबाकर पैदल-पैदल मिलों का सफर कर रहे हैं।

लुगड़ा ओढ़े मातृशक्ति, साफे बांधे पुरुष, कुलांचें मारते बाल गोपालों की टोलियों का उत्साह देखने लायक है। ये है हमारे ग्रामीण अंचल के बंधु बांधव। जो अपने-अपने खेत हल से 'बखरकर' इस उम्मीद में अपने इष्ट की शरण में आ गए कि बाबा बस अब पानी बरसाओ। ये गांव वालों की ही आस्था है जिनके दम पर ऋतु परिवर्तन होता है। उसी आसमान से अमृत रूपी जल बरसता है जहां से आग उगलती गर्मी बरस रही थी। क्या शहरी समुदाय वर्षा के लिए ऐसा कठोर तप करता है? वह बस पानी का लुत्फ उठाता है और वो भी मुफ्त। पानी के लिए प्रार्थना को शहरी समुदाय के कभी सामुदायिक रूप से हाथ उठते किसी से देखे? भला हो मेरे देश के गांवों का और ग्रामवासियों का जो समूहिक रूप से बारिश के लिए प्रार्थना करते हैं। ऐसे कठोर तप संग। तब जाकर आसमान पसीजता है। ये विक्षोभ, चक्रवात, अरब सागर, नमी, बंगाल की खाड़ी वगैरह किताबी बाते हैं।

### पंचक्रोशी यात्रा के लिए उज्जैन ही क्यों?

उज्जैन में भगवान श्री महाकालेश्वर विराजमान है। अवंतिका नगरी चौकोर आकार में बसी है। अलग-अलग अंतर से शिव मंदिर स्थित हैं, जो द्वारपाल कहलाते हैं। इनमें पूर्व में पिंगलेश्वर, दक्षिण में कायावरोहणेश्वर, पश्चिम में बिल्वकेश्वर, उत्तर दिशा में दुर्देश्वर और नीलकंठेश्वर महादेव स्थित है। इन पांचों मंदिरों की दूरी करीब 118 किलोमीटर है। यात्रा के दौरान इन्हीं पांचों शिव मंदिरों की परिक्रमा कर क्षिप्रा नदी में स्नान करते हैं। हिंदू मान्यताओं के अनुसार यात्रा के दौरान 33 कोटि देवी-देवताओं का आशीर्वाद मिलता है।

### राजा विक्रमादित्य के काल से चली आ रही है यात्रा

पंचक्रोशी यात्रा अनादिकाल से प्रचलित थी, जिसे राजा विक्रमादित्य ने प्रोत्साहित किया। स्कंदपुराण के अनुसार अनंतकाल तक काशीवास की अपेक्षा वैशाख मास में मात्र पांच दिवस अवंतिवास का पुण्य फल अधिक है। वैशाख कृष्ण दशमी पर शिप्रा स्नान व नागचंद्रेश्वर पूजन के बाद यात्रा प्रारंभ होती है, जो 118 किमी की परिक्रमा करने के बाद कर्क तीर्थवास में समाप्त होती है और तत्काल अष्टतीर्थ यात्रा आरंभ होकर वैशाख कृष्ण अमावस्या को शिप्रा स्नान के बाद पंचक्रोशी यात्रा का समापन होता है।

### उज्जैन का आकार चौकोर, महाकाल मध्य बिंदु

उज्जैन का आकार चौकोर है। क्षेत्र रक्षक देवता श्रीमहाकालेश्वर का स्थान मध्य बिंदु में है। इस बिंदु के अलग-अलग अंतर से मंदिर स्थित हैं, जो द्वारपाल कहलाते हैं। इनमें पूर्व में पिंगलेश्वर, दक्षिण में कायावरोहणेश्वर, पश्चिम में बिल्वकेश्वर तथा उत्तर में दुर्देश्वर महादेव जो चौरासी महादेव मंदिर श्रृंखला के अंतिम चार मंदिर हैं।

**नागचंद्रेश्वर महादेव से यात्रा के लिए बल-ताकत ली उधार, लौटकर उधार बल पुनः लौटाया जाएगा**

### नागचंद्रेश्वर से बल लेकर शुरू होती है यात्रा

यात्रा की शुरुआत पटनी बाजार स्थित श्री नागचंद्रेश्वर मंदिर से होती है। भगवान से उधार बल लेकर यात्रा को शुरु किया जाता है। मान्यता है कि यहां नारियल अर्पित करने से यात्रियों को घोड़े जैसा बल मिलता है। उज्जैन में 33 कोटि देवी-देवताओं का वास है। मनुष्य के जीवन में संभव नहीं कि सभी के दर्शन कर लें। इस नगरी की परिक्रमा करने से सभी देवी-देवताओं का आशीर्वाद मिल जाता है। भीषण गर्मी में पैदल चलने से शारीरिक विकार भी दूर होते हैं। ये तप की यात्रा है। अमावस्या पर यात्रा पूर्ण होने के बाद श्रद्धालु पुन: भगवान के दर्शन करते हैं और उन्हें मिट्टी के घोड़े अर्पित कर बल लौटाते हैं और गंतव्य की ओर रवाना हो जाते हैं। धार्मिक मान्यता अनुसार पंचक्रोशी यात्रा का शुभारंभ वैशाख मास के कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि शनिवार से होना था और यात्री पांच दिन में पिंग्लेश्वर महादेव, कायावरोहणेश्वर महादेव, दुर्देश्वर महादेव तथा बिल्वकेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर इसे अमावस्या तक पूर्ण करते हैं।



# तालाब का जलस्तर 6 फीट गिरा


## भीषण गर्मी का दौर शुरू होते ही बोरिंग सूखे, तालाबों का जलस्तर गिरा, शहर में जलसंकट के आसार

**खुलासा फर्स्ट...इंदौर**

गर्मी के मौसम में शहर के तालाबों का जलस्तर भी कम होने लगा है। शहरवासियों की प्यास बुझाने वाले यशवंत सागर तालाब का जलस्तर 19 फीट से घटकर 13 फीट रह गया है। इससे एक माह पानी और सप्लाय करने का दावा निगम अफसर कर रहे हैं।

यशवंत सागर तालाब से एरोड्रम और बाणगंगा क्षेत्र की पांच टंकियां भरी जाती है। हर दिन करीब 30 एमएलडी पानी की सप्लाई यशवंत सागर के अलावा बिलावाली तालाब से होती है। नगर निगम ने गर्मी के दिनों में पानी की किल्लत को दूर करने के लिए करीब 250 टैंकर अनुबंधित किए हैं। जबकि 80 टैंकर निगम के है। इस तरह करीब सवा चार सौ टैंकरों से शहर में पानी सप्लाय किया जा रहा है। मौजूदा में मई माह की भीषण गर्मी में जब यशवंत सागर सहित सभी तालाबों का जलस्तर गिरना शुरू हो गया है तो शहर के अधिकतर बोरिंग भी सूखने लगे हैं।

ऐसे में पानी का संकट शुरू हो गया है। इससे निपटने के निगम अफसरों की सभी योजनाएं फेल हो गई है। जबकि महापौर पुष्यमित्र भार्गव शहर को टैंकर मुक्त बनाने के मंसूबे बना रहे थे। वह भी धरे रह गए हैं। जबकि महापौर ने निगम अफसरों को टैंकर बंद हो जाए ऐसी योजना बनाने को कहा था जो कि दो साल में भी तैयार नहीं हो सकी।



### टंकियों में तालाब का पानी

यशवंत सागर तालाब से पल्हर नगर, बीएसएफ, महाराणा प्रताप नगर, कालानी नगर और बाणगंगा टंकी को भरा जा रहा है। इसके अलावा कुछ इलाकों में सीधी सप्लाई भी हो रही है। अफसरों ने दावा किया है कि तालाब में पर्याप्त पानी है। इंदौर में मानसून जून में आ जाता है। तब तक तालाब से जलापूर्ति हो सकेगी। इस तालाब का पानी सुपर कॉरिडोर क्षेत्र में भी पहुंचाया जा रहा है। आईटी कंपनी टीसीएस और इंफोसिस कैम्पस को भी तालाब से पानी दिया जा रहा है।

### नहीं पहुंच रहा घर-घर पानी

**नगर निगम द्वारा नर्मदा के तीनों चरणों से करीब 450 एमएलडी पानी नर्मदा पाइप लाइन से लाया जाता है। इसके अलावा यशवंत सागर और बिलावली तालाब से 35 एमएलडी पानी आता है। शहर के सार्वजनिक बोरिंगों से 15 एमएलडी पानी मिल जाता है। इसके बाद भी नगर निगम शहर भर में घर-घर पानी पहुचाने में असहायँ साबित हो रहा है।**

### बिलावली तालाब का निरीक्षण

निगमायुक्त शिवम वर्मा ने मंगलवार सुबह बिलावली तालाब पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मोके पर तालाब में किए गए नवनिर्माण और चलाई जा रही नौकाओं के संबंध में जानकारी ली। इसके साथ ही मौके पर पहुंचे लोगो से बातचीत कर वहां की सुविधाओं और व्यवस्थाओ क ी जानकारी ली। इस मौके पर निगम के कई अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### नियमित होगा पानी सप्लाई

गर्मी के दिनों में पानी की किल्लत नहीं होगी नियमित पानी सप्लाई किया जाएगा।

**अभिषेक शर्मा बबलू,** जल यंत्रालय और ड्रेनेज विभाग प्रभारी

## निगमायुक्त ने किया मतदान केंद्र एवं उद्यानों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

# उद्यान में गंदगी मिलने पर दरोगा का एक दिन का वेतन काटा

**खुलासा फर्स्ट...इंदौर**

शहर की सफाई व्यवस्था के साथ ही मतदान केंद्र एवं उद्यानों में सफाई व्यवस्था का निगमायुक्त ने निरीक्षण किया। इस दौरान वार्ड 23 के उद्यान में गंदगी मिलने पर निगमायुक्त ने उद्यान दरोगा का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।

निगमायुक्त शिवम वर्मा प्रतिदिन शहर की सफाई व्यवस्था के लिए सुबह से ही औचक निरीक्षण कर रहे हैं। इसके चलते ही वह गत दिवस मधुमिलन चौराहा, रीगल तिराहा, लैंटर्न चौराहा, मालवा मिल चौराहा, परदेसीपुरा चौराहा पहुंचे और स्वच्छता का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने जोन 17, वार्ड 23 स्थित कनकेश्वरी देवी सफेद मंदिर (टूरिस्ट प्लेस), आरआरआर सेंटर, शासकीय स्कूल 8 नंबर मतदान केंद्र, क्लर्क कॉलोनी, विजयवर्गीय मांगलिक भवन मतदान केंद्र, स्व. राजेश जोशी गार्डन सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इसके बाद निगमायुक्त ने 3 आर सेंटर का निरीक्षण किया।



इसी तारतम्य में शासकीय स्कूल 8 नंबर मतदान केंद्र, विजयवर्गीय मांगलिक भवन मतदान केंद्र का भी निरीक्षण किया। केंद्र में निर्धारित मापदंड अनुसार व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त वार्ड 23 स्थित क्लर्क कॉलोनी में उद्यान का निरीक्षण करने पहुंचे तो वहां गंदगी मिली। इससे नाराज होकर उद्यान दरोगा यामीन कुरैशी का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए, साथ ही एनजीओ प्रतिनिधि को फटकार लगाई।

24 घंटे 365 दिन
# खुलासा फर्स्ट
पक्का इंदौरी अखबार

इंदौर, मंगलवार, 07 मई 2024 | वर्षः 06 | अंकः 21 | वैशाख कृष्ण पक्ष - 14 | कुल पृष्ठः 16 | मूल्य : 2 रुपए



## लोकतंत्र का रण : आज तीसरा चरण

# फूल रहा है दम!



कीर्ति राणा
89897-89896
खुलासा फर्स्ट इंदौर

लोकसभा के तीसरे चरण में आज मंगलवार को मप्र की 9 सीटों पर हो रहे मतदान को लेकर प्रत्याशियों से अधिक भाजपा और कांग्रेस की सांसें फूल रही हैं। मतदान सुबह 7 बजे से शुरू हुआ और शाम 6 बजे तक चलेगा। इन 9 सीटों पर सर्वाधिक 1.77 करोड़ मतदाता हैं। इस तीसरे चरण में भी मतदान का प्रतिशत कम ही रहा तो चार सौ पार का सपना देख रही भाजपा के लिए मप्र खतरे की घंटी साबित हो जाएगा। मप्र में चौथे और अंतिम चरण की 8 सीटों पर मतदान 13 मई को होगा। ये 8 सीटें इंदौर, देवास, मंदसौर, उज्जैन, झाबुआ-रतलाम, धार, खरगोन और खंडवा हैं।

आज तीसरे चरण में मप्र सहित देश की 93 सीटों पर मतदान हो रहा है। इनमें गुजरात की 25, कर्नाटक की 14, महाराष्ट्र की 11, उत्तर प्रदेश की 10, मध्य प्रदेश की 9, छत्तीसगढ़ की 7, बिहार की 5, असम की 4 और गोवा की 2 सीटे हैं। देश की अन्य हॉट सीट गांधी नगर (अमित शाह), मैनपुरी (डिंपल यादव), बहरामपुर (अधीर रंजन), बारामती (सुप्रिया सुले) और बहरामपुर (युसूफ पठान) है।

मौसम में ठंडक के चलते सुबह 7 से 9 की तरह शाम को 5 से 6 बजे के बीच भी मतदान केंद्रों पर सर्वाधिक दबाव रह सकता है। गर्मी का असर भारी रहने से सुबह 11 से अपराह्न 4 बजे तक मतदान में सुस्ती रहना तय है। इस तीसरे चरण की 9 सीटों पर 1.77 करोड़ से अधिक मतदाता को अपने मताधिकार का उपयोग करना है। जबकि दूसरे चरण की 5 सीटों पर 1.11 करोड़ और पहले चरण की 6 सीटों पर 1.13 करोड़ मतदाता थे। तीसरे चरण में ये सर्वाधिक मतदाता शत-प्रतिशत मतदान करेंगे ही यह संभव नहीं है। तीसरे चरण में भी मतदान प्रतिशत कम रहने का मतलब होगा प्रदेश की सभी सीटों पर भाजपा की जीत के दावे की हवा निकलना, ऐसी स्थिति ना बने इसके लिए भाजपा और संघ के सभी घटक संगठन मतदाताओं को घर से मतदान केंद्र तक ले जाने की रणनीति भी बना चुके हैं।उसके सामने मतदान प्रतिशत बढ़ाने की चुनौती इसलिए भी अधिक है कि संसाधनों से लेकर संपर्क तक में वह कांग्रेस से अधिक शक्ति सम्पन्न है।

## सर्वाधिक 1.77 करोड़ मतदाता वाली प्रदेश की 9 सीटों में हैं 3 हॉट सीट

### गुना में सिंधिया-यादव, विदिशा में शिवराज-प्रताप भानु, राजगढ़ में दिग्विजय-रोडमल

### पहले चरण में 6 सीटों पर 1.13 करोड़ मतदाता थे। दूसरे चरण में 5 सीटों पर मतदाता थे 1.11 करोड़

### अंतिम चरण में शेष बची 8 सीटों पर 13 मई को मतदान

खुलासा फर्स्ट Exclusive

तीसरे चरण में अपने पक्ष में अधिकाधिक मतदान के लिए भाजपा की हाड़तोड़ मेहनत बता रही है कि दावों से हटकर हकीकत कुछ और ही है। पहले चरण में प्रदेश की 6 सीटों पर 63.50 फीसदी और दूसरे चरण की 5 सीटों पर 60 फीसदी मतदान हुआ था। यदि 2009 के प्रथम और द्वितीय चरण से तुलना करें तो प्रथम चरण में इस बार 07.48 और द्वितीय चरण में 09.03 फीसदी मतदान कम हुआ है। यदि तीसरे चरण में 2009 में हुए मतदान का आंकड़ा देखें तो तब नौ सीटों पर 67.73 फीसदी मतदान हुआ था, इस बार इससे कम रहा तो भाजपा की चिंता बढ़ेगी। तीसरे चरण की नौ सीटों में तब सबसे कम मतदान भिंड सीट पर 54.42 फीसद हुआ था। इस सीट से इस बार भाजपा की संध्या राय, कांग्रेस के फूलसिंह बरैया मैदान में है। सर्वाधिक मतदान राजगढ़ सीट पर 79.46 फीसद हुआ था। तब भाजपा के रोडमल नागर ने कांग्रेस की मोना सुस्तानी को हराया था। इस बार रोडमल का मुकाबला दिग्विजय सिंह से है।

## आज इन 9 पर मतदान, जिनमें 3 तो हॉट सीट हैं

| सीट | भाजपा | कांग्रेस |
|---|---|---|
| 1 गुना | ज्योतिरादित्य सिंधिया | राव यादवेंद्र सिंह |
| 2 विदिशा | शिवराज सिंह | प्रताप भानू शर्मा |
| 3 राजगढ़ | रोडमल नागर | दिग्विजय सिंह |
| 4 मुरैना | शिवमंगल सिंह तोमर | सत्यपाल सिकरवार |
| 5 ग्वालियर | भारत सिंह कुशवाह | प्रवीण पाठक |
| 6 भोपाल | आलोक शर्मा | अरुण श्रीवास्तव |
| 7 सागर | लता वानखेड़े | चंद्रभूषण बुंदेला |
| 8 भिंड | संध्या राय | फूलसिंह बरैया |
| 9 बैतूल | दुर्गादास उइके | रामू टेकाम |

## 63.50 % पहला चरण, 6 सीटों में 2 हॉट सीट

प्रथम चरण की 6 सीटों सीधी, शहडोल, जबलपुर, मंडला, बालाघाट और छिंदवाड़ा में मतदान हुआ। इनमें छिंदवाड़ा और मंडला हॉट सीट हैं। छिंदवाड़ा में भाजपा के विवेक बंटी साहू से कांग्रेस के पूर्व सांसद नकुलनाथ का, मंडला में केंद्रीय मंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते और कांग्रेस के ओमकार सिंह मरकाम में मुकाबला था। सीधी में त्रिकोणीय संघर्ष भाजपा के राजेंद्र मिश्रा, कांग्रेस के कमलेश्वर पटेल और गोंगपा प्रत्याशी पूर्व सांसद अजय प्रताप सिंह के बीच रहा। शहडोल में भाजपा की हिमाद्री सिंह और कांग्रेस के फुंदेलाल, जबलपुर में भाजपा के आशीष दुबे, कांग्रेस के दिनेश यादव में मुकाबला था।

## इलेक्शन कमीशन तीसरे चरण के आंकड़े जारी करने में गफलत में तो नहीं रहेगा

- इलेक्शन कमीशन ने 102 सीटों के लिए हुए मतदान में पहले चरण में 60.03 फीसदी और दूसरे चरण में 60.96 फीसदी मतदान के आंकड़े जारी किए थे। इन आंकड़ों के बाद राजनीतिक दलों-खासकर भाजपानीत दलों-में जो घबराहट फैली वह होश उड़ाने जैसी थी। विश्वास करें कि तीसरे चरण में मतदान के फायनल आंकड़े जारी करने में पहले की तरह इलेक्शन कमीशन गफलत में नहीं रहेगा।
- तब इलेक्शन कमीशन को भी 11 दिन बाद अहसास हुआ कि कुछ गड़बड़ हो गई है। नए सिरे से दोनों चरणों के मतदान के आंकड़े जारी किए तो पहले चरण का मतदान 66.1 प्रतिशत जो पहले 60.03 बताया था, दूसरे चरण का मतदान 66.07 फीसदी हो गया जो पहले 60.96 फीसदी बताया था।

## 60% : दूसरा चरण, 1 निर्विरोध, 5 सीट

दूसरे चरण में एमपी की छह सीटों में खजुराहो में भाजपा प्रत्याशी वीडी शर्मा निर्विरोध निर्वाचित हुए। शेष पांच सीटों में टीकमगढ़ में भाजपा के डॉक्टर वीरेंद्र कुमार, कांग्रेस के पंकज अहिरवार, बसपा से दल्लूराम अहिरवार मैदान में थे।दमोह से राहुल लोधी (विधानसभा चुनाव हारे) भाजपा और कांग्रेस से तरबर सिंह लोधी में मुकाबला था। सतना सीट पर विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी सिद्धार्थ कुशवाह ने बीजेपी के चार बार के सांसद गणेश सिंह को मात दी थी। लोकसभा चुनाव में इन दोनों दलों ने उन्हीं उम्मीदवारों पर दांव लगाया। यहां तीसरे दल बसपा के नारायण त्रिपाठी के कारण मुकाबला त्रिकोणीय रहा है। रीवा में मिश्रा Vs मिश्रा के बीच मुकाबला था। भाजपा ने जनार्दन मिश्रा को दूसरी बार टिकट दिया, जबकि बीजेपी की विधायक रहीं नीलम अभय मिश्रा को कांग्रेस ने मैदान में उतारा है। होशंगाबाद सीट से कांग्रेस ने (लंबे समय तक बीजेपी में रहे) संजय शर्मा को और भाजपा ने किसान नेता दर्शन सिंह पर दांव लगाया है।

गड़बड़झाला

विभागीय जांच में क्लीनचिट, उच्चस्तरीय जांच और पुलिसिया जांच पर टिकी कार्रवाई की आस

# जांच में आंच नहीं आने से घोटालेबाज अफसर बेखौफ

**खुलासा फर्स्ट...इंदौर**

नगर निगम अफसर, नेता और ठेकेदारों ने मिलीभगत कर सवा सौ करोड़ से अधिक का घोटाला किया है। विभागीय जांच में अधिकतर अफसरों और कर्मचारियों को क्लीनचिट दे दी गई। इससे यह मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। निगम गलियारों में चर्चाएं हो रही है कि अब उच्चस्तरीय जांच समिति और पुलिसिया जांच में घोटालेबाज अफसरों पर कार्रवाई हो सकती है।

नगर निगम में पांच फर्जी और बोगस फर्मों के कर्ताधर्ताओं ने निगम अफसरों से मिलीभगत कर करीब सवा सौ करोड़ के फर्जी बिल लगाकर लगभग सौ करोड़ का भुगतान हासिल कर लिया। बिना काम किए फर्जी बिल लगाकर मिली राशि का अफसरों और ठेकेदारों में बंदरबांट हो गया। अब करीब आठ साल बाद मामले का खुलासा हुआ तो निगम में हड़कंप मच गया। नवाचार में अव्वल रहने वाला निगम घोटाले में भी अव्वल साबित हो गया। इसके चलते मामले को दबाने और अफसरों को बचाने के खेल की शुरुआत विभागीय जांच से हुई।

सात सदस्यीय विभागीय जांच समिति अपर आयुक्त सिद्धार्थ जैन के नेतृत्व में गठित की गई। इस समिति ने पंद्रह दिन की जांच में पूरे मामले में अफसरों और कर्मचारियों को क्लीनचिट दे दी। इसके साथ ही यह भी अनुशंसा कर दी कि घोटाला मामले की जांच विशेषज्ञ समिति से कराई जाए। तभी इस मामले में घोटालेबाजों पर कार्रवाई हो सकेगी। लेकिन इस बीच शासन द्वारा गठित उच्चस्तरीय जांच समिति की घोषणा होने से इस मामले मे अफसरों और कर्मचारियों पर गाज गिरने की संभावना बढ़ गई है। निगम में चर्चा होने लगी है कि निगम अफसरों ने तो अपने साथी अफसरों और कर्मचारियों को जांच के नाम पर बचा लिया। लेकिन पुलिसिया जांच और उच्चस्तरीय जांच में घोटालेबाज अफसरों और कर्मचारियों पर कार्रवाई हो सकती है।

## संदेह के दायरे में


24 घंटे 365 दिन
खुलासा फर्स्ट
पक्का इंदौरी अखबार
नगर निगम बना
भ्रष्टाचार का अड्डा

फाइल में दर्ज उपयंत्री, जोनल अधिकारी, इंजीनियर, अपर आयुक्त के हस्ताक्षर संदेह के दायरे में

188 में से लगभग 150 फाइलें फर्जी

खुलासा फर्स्ट...इंदौर

नगर निगम में पांचों फर्जी और बोगस फर्म के बिल भुगतान की करीब 188 फाइलें मिली है। बताया जा रहा है कि इनमें से लगभग 150 फाइले फर्जी है। फाइलों में उपयंत्री, जोनल अधिकारी, इंजीनियर के साथ ही तत्कालीन अपर आयुक्त के हस्ताक्षर भी संदेह के दायरे में आ गए है। इसके चलते बीते दस साल में करीब सवा सौ करोड़ से अधिक का भुगतान इन कंपनियों को हुआ है। इस मामले की जांच हुई तो अपर आयुक्तों पर भी गाज गिर सकती है।

खुलासा फर्स्ट के सूत्रों की माने तो नगर निगम के फर्जी बिल घोटाले में पांचों फर्जी और बोगस फर्म को किए गए भुगतान की फाइलों पर उपयंत्री राकेश शर्मा, अविनाश कस्बे, जोनल अधिकारी के साथ ही तत्कालीन पूर्व अपर आयुक्त ड्रेनेज देवेंद्र सिंह यादव और रोहन सक्सेना के हस्ताक्षर मिले है। निगम में पांचों फर्म के फर्जी बिल के भुगतान का मामला 28 करोड़ के फर्जी बिल की बीस फाइलों से शुरू हुआ जो अब 188 फाइलों तक पहुंच गया है। खुलासा फर्स्ट के सूत्रों का दावा है कि इन 188 फाइलों में करीब अस्सी फीसदी लगभग 150 फर्जी फाइले हैं। इनमें ट्रेंचिंग ग्राउंड की 4 करोड़ की फाइलें भी शामिल है।

फर्जी कंपनियों के द्वारा जब यह बिल लगाए गए उस समय इंजीनियर अभय राठौर ट्रेंचिंग ग्राउंड में ही पदस्थ था। जबकि वर्ष 2018 के पहले तक वह ड्रेनेज विभाग में कार्यपालन यंत्री रहा। ज्यादातर फाइलों पर वर्ष 2018-19 के पहले के फर्जी वर्कऑर्डर मिले हैं। इस दौरान ड्रेनेज विभाग में तीन अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह यादव, रोहन सक्सेना एवं संदीप सोनी रहे, लेकिन सभी अपर आयुक्त ने इस फर्जीवाड़े को अनदेखा किया। लेकिन हाल ही में इन पांचों फर्म के फर्जी बिल मामले का खुलासा होने के बाद यह माना जा रहा है कि निगमायुक्त शिवम वर्मा इन पांचों फर्म को बीते दस साल में किए गए भुगतान की जांच भी करा सकते हैं। ऐसा हुआ तो निगम कर्मचारियों के साथ पूर्व अपर आयुक्तों पर भी गाज गिर सकती है।

निगम की जांच में मिली इन फर्म की फाइलों के बारे में बताया जाता है कि इन फर्म के द्वारा वर्ष 2015 से 2022 की अवधि में लगाए गए बिल जांच के दायरे में आए हैं। जबकि इसी अवधि में इंजीनियर अभय राठौर भी ड्रेनेज विभाग में पदस्थ रहा। इसके साथ ही तीन अपर आयुक्त भी इसी अवधि में रहे हैं। इसके चलते फर्जी फाइलों के भुगतान मामले में उपयंत्री, जोनल अधिकारी, इंजीनियर के साथ ही पूर्व अपर आयुक्त भी संदेह के दायरे में आ गए हैं। इन फाइलों में खास यह है कि ड्रेनेज विभाग से अभय राठौर को वर्ष 2018 में हटाकर ट्रेंचिंग ग्राउंड भेज दिया गया उसके कार्यकाल के दौरान इन फर्मों ने 4 करोड़ के बिल ट्रेंचिंग ग्राउंड के भी लगाकर भुगतान हासिल किया है। इससे अफसर लगातार कटघरे में फंसते जा रहे हैं।

जांच में होगा खुलासा

सूत्रों की मानें तो पांचों फर्जी फर्मों के द्वारा निगम में छोटे काम किए गए, लेकिन बड़े कामों के फर्जी बिल लगाए गए। ऑडिट विभाग से इन्हें पास भी करवा दिया गया और लेखा शाखा से इनका भुगतान हो गया, जबकि किसी भी काम की एक फाइल करीब पांच सौ पेज से ज्यादा की होती है। इसमें 12 से 15 अधिकारियों के हस्ताक्षर और लिखी गई नोटशीट होती है, लेकिन फाइलों में सभी पेज पर एक ही हैंडराइटिंग मिली है। इसके अलावा आवक-जावक नंबर जब ड्रेनेज विभाग ने जांचें तो उन तारीखों पर ऐसा कोई काम होना पाया ही नहीं गया। ई-नगर पालिका लागू होने के पहले के वर्कऑर्डर यूज किए, जिनकी जांच करना आसान नहीं होता। पांचों फर्जी फर्म की मिली फाइलों की लिस्टिंग के बाद उनकी जांच के संबंध में अपर आयुक्त सिद्धार्थ जैन ने बताया कि फाइलों पर उन अधिकारियों के हस्ताक्षर मिले हैं जो वहां पदस्थ ही नहीं थे। हैंडराइटिंग भी एक ही व्यक्ति की है। ऑडिट और लेखा शाखा के अधिकारियों और कर्मचारियों ने माना है कि साइन उनके ही हैं। अफसरों, कर्मचारियों ने कहा साइन उनके नहीं हैं। ऐसे में हमारे पास उनके हस्ताक्षर की जांच करने का मैकेनिज्म नहीं है। इसलिए रिपोर्ट में भी विशेषज्ञ से जांच करवाने की अनुशंसा की गई है।

देवेंद्रसिंह ने खुली छूट दे रखी थी सालवी को

खुलासा फर्स्ट...इंदौर | नगर निगम के लेखा विभाग के क्लर्क रहे राजकुमार सालवी की गिरफ्तारी से एक बात और सामने आई कि उसे अपने कार्यकाल के दौरान काले कारनामों में तत्कालीन अपर आयुक्त देवेंद्रसिंह का भी पूरा सहयोग मिलता था। सालवी की सारी करतूतों की जानकारी देवेंद्रसिंह को होती थी और वो कोई कार्रवाई न करते थे और न करने देते थे।

सालवी की विभाग के अधीक्षण यंत्री अशोक राठौर से भी अच्छी सेटिंग थी। राठौर के साथ मिलकर सालवी जनकार्य विभाग के तमाम कार्यों के लिए ठेकेदार तय करता था, जिसमें से 3 प्रतिशत कमीशन तय था। बाकी वसूली अलग से होती थी। देवेंद्रसिंह सेवानिवृत्त है, लेकिन वे दो बार निगम में संविदा नियुक्ति प्राप्त कर चुके हैं। ऐसा कोई नियम नहीं है, लेकिन देवेंद्रसिंह के कारण नियम को शिथिल किया गया। ईओडब्ल्यू द्वारा सालवी के पास से जब्त दस्तावेजों की जांच की जा रही है, जिसमें और भी बड़े खुलासे होने की संभावना है। निगम या अन्य किसी विभाग में इस तरह के कर्मचारियों और अधिकारियों के संबंध में जानकारी मिलेगी तो विधिवत कार्रवाई की जाएगी।

सालवी कितना शातिर रहा है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि जब उसके तीन बैंक खातों को टटोला गया तो एक में जीरो बैलेंस था, दूसरा लोन खाता था, जिसमें 10 लाख का लोन लिया हुआ है। तीसरे खाते में करीब 5 हजार रुपए निकले। सालवी के अन्य खातों के बारे में भी पता लगाया जा रहा है। जांच में सामने आया कि राजकुमार की बेटी नेहा शहर के एक बड़े कॉलेज में पढ़ती थी जिसकी सालाना फीस ही लाखों रुपए में है।

सबसे छोटा-सबसे खोटा सालवी

राजकुमार सात भाई-बहन में सबसे छोटा है। पिता पन्नालाल नवीनचित्रा टॉकीज में गेटकीपर थे। उसका परिवार बियाबानी के कंजर मोहल्ले में दो कमरों में रहता था। पिता पन्नालाल ने विजयनगर का एक प्लॉट बेचकर सभी बच्चों को हिस्सा दिया था। पिता की मौत के बाद राजकुमार पत्नी किरण को लेकर अलग हो गया। शुरुआत में एयरपोर्ट इलाके में ही किराए के घर में रहने लगा। बाद में नगर निगम की सेवा में आने के तीन-चार साल बाद ही उसने वहीं मकान खरीद लिया। फिर ऊपरी मंजिल भी बना ली। वो प्रॉपर्टी खरीदने का शौकीन है। पड़ोस के खाली प्लॉटों-मकानों पर उसकी नजर सदा बनी रहती है। बताते हैं कि पिता ने उसकी हरकतों के कारण उससे बातचीत बंद कर दी थी। वे अंतिम वक्त तक राजकुमार से बोले नहीं।

खुलासा फर्स्ट में प्रमुखता से प्रकाशित खबरें

दो नई फर्मों के संचालकों पर पांच-पांच हजार का इनाम

अभय राठौर सहित चार की तलाश में जुटी चार टीमें

खुलासा फर्स्ट...इंदौर

नगर निगम में हुए ड्रेनेज के महाघोटाले में पुलिस की जांच जारी है। रिमांड पर चल रहे सात आरोपियों को कल कोर्ट में पेश कर चार को जेल भिजवाने के बाद पुलिस ने तीन आरोपियों को एक बार फिर रिमांड पर लिया है। वहीं, जांच में फर्जी बिलों से पांच करोड़ की धोखाधड़ी करने वाली दो नई फर्म और सामने आई थी। इनके फरार संचालकों की गिरफ्तारी के लिए पांच-पांच हजार रुपए का इनाम घोषित किया है।

अभय राठौर सहित उक्त दो आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चार टीमें गठित की हैं। डीसीपी जोन-3 पंकज पांडे के मुताबिक मो. जाकिर (किंग कंस्ट्रक्शन), मो. साजिद (नींव कंस्ट्रक्शन), रेणु वडेरा (क्षितिज इंटरप्राइजेस), राहुल वडेरा (जाह्नवी इंटरप्राइजेस), उदय भदौरिया (सब इंजीनियर), चेतन भदौरिया (डाटा एंट्री ऑपरेटर) और राजकुमार सालवी [illegible]

कोर्ट में पेश किया गया। राहुल वडेरा, मो. जाकिर और राजकुमार सालवी को 7 मई तक के रिमांड पर लिया है। बाकी चारों आरोपियों को जेल भिजवाया गया है। वहीं, राहुल बडेरा, राजकुमार सालवी और मोहम्मद जाकिर से नगर निगम से मिली फाइलों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। निगम के महाघोटाले में पिछले दिनों चौथा केस दर्ज किया था। इमरान खान (क्रिस्टल [illegible]) और मौसम व्यास (ईश्वर इंटरप्राइजेज) ने फर्जी फर्मों के जरिए फर्जी बिल लगाकर 4.90 करोड़ रुपए पास करवाकर धोखाधड़ी की थी। ये दोनों फरार चल रहे हैं। डीसीपी जोन-3 पंकज कुमार पांडेय ने इनकी गिरफ्तारी पर कल पांच-पांच हजार रुपए का इनाम घोषित किया हैं। वहीं, फरार ईई अभय राठौर और ठेकेदार मो. सिद्दीकी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है। राठौर के दो नए रिश्तेदारों का पता चला है। आज उनके घर पर राठौर की तलाश में दबिश दी जाएगी। फरार सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पलासिया, हीरानगर, बाणगंगा और एमजी रोड थाने के पुलिसकर्मियों की टीम गठित की गई है।

खुलासा फर्स्ट में प्रमुखता से प्रकाशति खबर

नगर निगम में 28 करोड़ की फर्जी फाइल का खुलासा होने के बाद जब इन पांचों फर्म के बीते करीब दस वर्ष के कामकाज की जांच की गई तो वर्ष 2015 से 2022 के बीच करीब 188 फाइलें मिली है। जांच कमेटी ने सभी फाइलों की सूची बनाकर निगमायुक्त को सौंप दी है। इनकी जांच होगी या नहीं होगी इसका निर्णय निगमायुक्त शिवम वर्मा लेंगे। हालांकि निगमायुक्त ने अब तक इस बारे में कोई निर्णय नहीं लिया है। जबकि नगर निगम में करीब सवा सौ करोड़ के घोटाले में कई अफसर और कर्मचारी संदेह के दायरे में आ गए हैं।

इनमें अपर आयुक्त संदीप सोनी, अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह, रोहन सक्सेना, सिटी इंजीनियर नरेंद्रसिंह तोमर, एसके कुरील, विनोद सराफ, कमल सिंह, एके दुबे सहायक इंजीनियर, ऑडिट विभाग डिप्टी डायरेक्टर समरसिंह परमार, सीनियर ऑडिटर जगतसिंह ओहरिया, असिस्टेंट ऑडिटर विक्रम वर्मा, रामेशवर परमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर ऑडिट जगदीश चौकसे, मस्टर कर्मचारी आवक-जावक क्लर्क लेखा मुरलीधरन, विनियमित कर्मचारी भूपेंद्र पुरोहित लेखा विभाग एवं सुनील भंवर के नाम शामिल हैं।

**सरकार की जांच कब होगी शुरू** : उच्चस्तरीय जांच समिति गठित होने के बाद यह समिति कब जांच शुरु करेगी। इसको लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। इस संबंध में निगम अफसर भी कुछ भी कहने से बच रहे हैं। मौजूदा में हर कोई जांच दल कब से जांच शुरु करेगा इसको लेकर अनभिज्ञता जता रहे हैं। खुलासा फर्स्ट के सूत्रों की माने तो घोटालेबाज अफसरों ने अभी से उच्चस्तरीय जांच दल के सदस्यों से अपनी जमावट करना शुरु कर दी है। इससे वह सरकार की जाचं में भी क्लीनचिट हासिल कर सके।

राहुल, जाकिर और सालवी का रिमांड पूरा, आज कोर्ट में पेश करेगी पुलिस

## पूछताछ में बोले घोटालेबाज- हां घोटाले के लिए हमने ही बनाई फर्में

**खुलासा फर्स्ट...इंदौर**

नगर निगम के महाघोटाले में तीसरी बार रिमांड पर चल रहे ठेकेदार राहुल वडेरा, मो. जाकिर और लेखा शाखा के निगमकर्मी राजकुमार सालवी का रिमांड आज पूरा हो रहा है। पुलिस आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भिजवाएगी। वहीं तीसरी बार रिमांड पर पूछताछ में तीनों आरोपियों ने क्रिस्टल इंटरप्राइजेज और ईश्वर इंटरप्राइजेज नाम से फर्जी फर्म बनाकर करोड़ों की धोखाधड़ी स्वीकारी है। इन दोनों फर्मों के जरिये 4.90 करोड़ रुपए पास करवाकर धोखाधड़ी हुई थी।

टीआई विजय सिंह सिसौदिया के अनुसार 5 मई को दूसरी बार रिमांड पूरा होने पर मो. साजिद (नींव कंस्ट्रक्शन), रेणु वडेरा (क्षितिज इंटरप्राइजेस), उदय भदौरिया (सब इंजीनियर), चेतन भदौरिया (डाटा एंट्री ऑपरेटर) को जेल भिजवा दिया था। वहीं मो. जाकिर (किंग कंस्ट्रक्शन), राहुल वडेरा (जाह्नवी इंटरप्राइजेस) और राजकुमार सालवी (लिपिक, लेखा शाखा) को 7 मई तक के रिमांड पर लिया था। आज रिमांड पूरा होने पर तीनों को कोर्ट में पेश किया जाएगा। राहुल से पूछताछ में फर्म क्रिस्टल इंटरप्राइजेज और ईश्वर इंटरप्राइजेज के जरिए फर्जी बिल लगाकर 4.90 करोड़ रुपए पास करवाकर धोखाधड़ी की बात सामने आई थी। तीनों को आमने-सामने बैठाकर हुई पूछताछ में उन्होंने धोखाधड़ी स्वीकारी है।

ये दोनों फर्म इमरान खान और मौसम व्यास के नाम से बनाई थी। ये दोनों अभी फरार हैं। इनकी गिरफ्तारी पर पांच-पांच हजार का इनाम है। वहीं, फरार ईई अभय राठौर और ठेकेदार मो. सिद्दीकी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की चार टीमें गठित कर विभिन्न जिलों में रवाना की गई है। साथ ही फाइलों व निगम संबंधी जांच के लिए पांच अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं। वहीं, भोपाल स्थित पुलिस हेड क्वार्टर भी दस्तावेजों को जांच के लिए भेजा जाएगा।

## निगम अधिकारियों की सांठगांठ से होस्टलों में चल रहीं अवैध गतिविधियां



**खुलासा फर्स्ट...इंदौर**

गीता भवन क्षेत्र का सबसे बड़ा होस्टल माफिया संजय जायसवाल की मनमानी जारी है। पता चला है कि निगम अधिकारियों की सांठगांठ से उसके होस्टलों में अवैध-अनैतिक गतिविधियां चलती है। उसके क्षेत्र में 8 होस्टल है और सभी में न एमओएस छोड़ा गया है और अन्य सुविधाएं हैं। जो छात्र विरोध करते हैं वो उनसे मारपीट करता है। कई छात्रों की काशनमनी हजम कर गया है।

गीता भवन में संजय के होस्टलों में लड़के-लड़कियों का दिन-रात आना-जाना लगा रहता है। खबर तो ये भी है कि यहां ड्रग्स का सेवन भी किया जाता है। लड़के-लड़कियों की अवैध गतिविधियों से आसपास के रहवासी परेशान हैं। वो कई बार थाने में जाकर शिकायत कर चुके हैं, लेकिन जायसवाल विधायक महेंद्र हार्डिया का नाम लेकर बच जाता है। वो दावा करता है कि हार्डिया से उसके करीबी संबंध हैं और उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। ऐसा हुआ भी है।



गीता नगर क्षेत्र में उसका अवैध होस्टल पूर्व पार्षद जितेंद्र चौधरी ने तुड़वाया था। इसमें न एमओएम छोड़ा गया था और न अन्य सुविधाएं थी बल्कि इसे सड़क तक घेरकर बनाया गया था, लेकिन होस्टल के रिमूवल के कुछ दिनों बाद ही जायसवाल ने उसे फिर वापस बनवा लिया था। बताया जाता है कि जायसवाल के क्षेत्र में 8 होस्टल हैं, जिनमें से कई वो बेच चुका है और कई को किराए पर दे चुका है। जायसवाल के कारनामों से कैलाश पार्क, लालाराम नगर, मनोरमागंज, गीता नगर समेत आसपास की तमाम कॉलोनियों में जायसवाल ने होस्टल बना रखे हैं। उसके सभी होस्टल का निर्माण अवैध हैं, क्योंकि उसकी कोई परमिशन नगर निगम से उसके पास नहीं है। उसने किसी भी होस्टल में कोई एमओएस नहीं छोड़ा है और ना ही ड्रेनेज-पानी की कोई पक्की व्यवस्था है। स्थिति ये है कि सड़क तक उसने निर्माण कर रखा है और होस्टल में रहने वालों के वाहन सड़क पर पार्क होते हैं, जिससे रहवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जायसवाल ने क्षेत्र में भारी आतंक मचा रखा है। रहवासियों का कहना है कि उसने अपने होस्टलों में असामाजिक तत्वों को भी जगह दे रखी है। वो यहां पुलिस की निगाह से बचकर रहते हैं।

**खुद के भोजनालय में जाने को बाध्य करता है** : जायसवाल ने अपने होस्टलों के साथ ही भोजनालय भी बना रखे हैं और वो छात्र-छात्राओं को बाध्य करता है कि वो वहीं जाएं। जायसवाल ने बॉम्बे अस्पताल क्षेत्र में भी एक होस्टल बना रखा है और वो भी न केवल अवैध बल्कि विभिन्न असुविधाओं और परेशानियों वाला है। जो छात्र-छात्रा रह रहे हैं, उनके विरोध करने पर वे विधायक महेंद्र हार्डिया का नाम लेकर धमकाता है।

**खुद का तीन मंजिला बंगला भी अवैध** : जायसवाल ने होस्टल ही अवैध नहीं बना रखे हैं, क्षेत्र की विश्वविहार कॉलोनी में अपने तीन मंजिला बंगले का भी अवैध निर्माण भी शुरू कर दिया है। इसमें न एमओएस छोड़ा है और न पार्किंग की जगह है। सड़क से लगाकर इसका निर्माण चल रहा है।

## एक नजर में....

### 38 दिन में तीन विधायकों ने कांग्रेस छोड़ी- सलूजा

**खुलासा फर्स्ट...इंदौर**

प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी के कार्यकाल में तीन विधायक कांग्रेस छोड़ गए हैं। ताजा उदाहरण निर्मला सप्रे का है, जो सागर जिले की बीना सीट से विधायक हैं। उन्होंने पटवारी की इमरतीदेवी पर की गई टिप्पणी से आहत होकर कांग्रेस छोड़ दी। अभी तक 4.5 लाख से अधिक कार्यकर्ता, 23 हजार से अधिक पदाधिकारी कांग्रेस छोड़ चुके हैं।

यह बात भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा ने कही। उन्होंने कहा कि पटवारी के गृह नगर इंदौर समेत सागर, कटनी, छिंदवाड़ा सहित कई जिले कांग्रेसमुक्त हो चुके हैं। ऊलजलूल बयानों व टिप्पणियों के कारण पटवारी पर चुनावों में पांच दिन में तीन प्रकरण दर्ज हो चुके हैं। स्थिति ये है कि पटवारी के अपने गृह नगर इंदौर में कांग्रेस का कोई प्रत्याशी ही नहीं है। कांग्रेस के तमाम बड़े नेता, स्टार प्रचारक मैदान से गायब हो गए हैं। इन सबके बाद भी पटवारी हवा में ही उड़ रहे हैं, जमीन पर नहीं हैं।

### भाजपा को सर्वाधिक वोट दिलाने वाले 8 बूथ अध्यक्ष मिलेंगे प्रधानमंत्री से

**खुलासा फर्स्ट...इंदौर**

आज धार और खरगोन में आमसभा लेने आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इंदौर विमानतल पर वो आठ बूथ अध्यक्षों मिलेंगे, जिन्होंने विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा को सर्वाधिक वोट दिलाए हैं।

शहर अध्यक्ष गौरव रणदिवे के प्रयासों से ये संभव होगा। इसके अलावा प्रत्येक विधानसभा से एक महिला कार्यकर्ता एवं एक सक्रिय कार्यकर्ता की भी प्रधानमंत्री से भेंट कराई जाएगी। रणदिवे ने बताया कि प्रधानमंत्री से मिलने की इच्छा पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं की होती है, इसी को ध्यान में रखते हुए उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए प्रधानमंत्री से मुलाकात कराई जाएगी। कार्यकर्ता चाहे विधानसभा स्तर का हो या बूथ स्तर का, उसकी प्रधानमंत्री से भेंट कराना चाहिए। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट करने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

### नोटा के समर्थन में कांग्रेस की मशाल रैली 9 को

**खुलासा फर्स्ट...इंदौर**

नोटा के समर्थन में क्षेत्र क्र. 2 में कांग्रेस मशाल रैली निकालेगी। नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे और पार्षद राजू भदौरिया ने कहा कि भाजपा के नेताओं ने सत्ता के अहंकार में चूर होकर लोकतंत्र की हत्या की है। इंदौर के नागरिकों से ना सिर्फ अपना प्रतिनिधि चुनने का अधिकार छीना है, बल्कि इंदौर के माथे पर लोकतंत्र की हत्या का कलंक भी लगाया है। इसके विरोध में नोटा का बटन दबाने के समर्थन में मशाल रैली का आयोजन 9 मई को किया जा रहा है। रैली शाम 6 बजे परदेशीपुरा चौराहा से पाटनीपुरा चौराहा तक निकाली जाएगी।

# नोटा को लेकर भाजपा में चिंता, कांग्रेस में उत्साह

## पूर्व सांसद और लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन के समर्थन के कारण अभियान ने पकड़ा जोर

**खुलासा फर्स्ट...इंदौर**

कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय कांति बम के भाजपा में चले जाने के बाद अब पार्टी का कोई प्रत्याशी मैदान में नहीं है, तो कांग्रेस ने नोटा अभियान शुरू कर दिया है। पूर्व भाजपा सांसद और लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन द्वारा नोटा के पक्ष में दिए गए बयान से कांग्रेस उत्साह में है, जबकि भाजपा में चिंता है कि यदि नोटा का प्रचार ज्यादा चला तो उनका 8 लाख वोटों से जीत का लक्ष्य दूर रह जाएगा।

बम ने जो राजनीतिक विस्फोट किया, उसकी गूंज अब भी इंदौर की राजनीतिक फिजा में सुनाई दे रही है। कांग्रेस ने नोटा का बटन दबाने के लिए प्रेरित करने का अभियान छेड़ दिया है। ये अभियान जोर नहीं पकड़ता, अगर भाजपा की पूर्व सांसद और लोकसभा स्पीकर रहीं सुमित्रा महाजन इसका समर्थन नहीं करतीं।

ताई ने तीन दिन पूर्व प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि कई लोग मुझे फोन करके बोल रहे हैं कि वे इस बार नोटा दबाएंगे, इनमें भाजपाई भी हैं। वे भाजपा प्रत्याशी शंकर लालवानी से नाराज नहीं, बल्कि बम के दलबदल या यूं कहें कि कांग्रेस से धोखे से नाराज हैं। वे मानती हैं कि बम ने जो किया और जो भाजपा नेता इसमें उनके साथ रहे, वो इसके दोषी हैं।

### कांग्रेस दोगुने उत्साह से मैदान में




इंदौर में इस तरह ऑटो रिक्शा पर पोस्टर लगाकर नोटा का बटन दबाने का प्रचार किया जा रहा है।

प्रत्याशी भले ही न हो, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता दोगुने उत्साह से मैदान में हैं। वे 8 लाख के अंतर को कम से कम करने की कोशिश नोटा अभियान के तहत कर रहे हैं। एक वरिष्ठ कांग्रेसी का कहना है कि यदि नोटा प्रभावशील रहा तो ये भी कांग्रेस के लिए बहुत खुशी की बात होगी।

### लक्ष्य बढ़कर 10 लाख हो जाना था

बहरहाल, कांग्रेस के नोटा दबाने के अभियान को ताई के समर्थन से बल मिला और अब वे इसके लिए जमकर अभियान छेड़े हुए हैं। इस अभियान से भाजपा में चिंता की लकीरें देखी जा रही हैं। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि हमने इस बार 8 लाख वोटों के अंतर से जीत का लक्ष्य रखा था और यदि इससे कम की जीत हुई, तो ये बहुत बड़ी बात होगी। होना तो ये चाहिए था कि कांग्रेस के प्रत्याशी के मैदान में न होने से ये लक्ष्य बढ़कर 10 लाख हो जाना था, लेकिन स्थिति थोड़ी बदली हुई है। देखते हैं कि मतदान तक क्या स्थिति रहती है।

### केंद्रीय नेतृत्व लगातार ले रहा अपडेट

सूत्रों का कहना है कि बम एपिसोड के बाद शहर में जो प्रतिक्रिया और लोगों का मूड है, उसकी खबर केंद्रीय नेतृत्व तक पहुंची है। नेतृत्व लगातार इसकी अपडेट ले रहा है। इंदौर में खजुराहो से ज्यादा विचित्र स्थिति है, क्योंकि वहां तो कांग्रेस द्वारा छोड़ी गई सीट पर सपा की प्रत्याशी मीरा यादव का नामांकन निरस्त हो गया था। यहां तो नामांकन वापस लिया गया है। सूरत में भाजपा का कोई विरोधी प्रत्याशी बचा ही नहीं था। इस लिहाज से इंदौर का मामला अपने आपमें विचित्र है और भाजपा को थिंक टैंक को भी समझ नहीं आ रहा कि वो क्या करे। इसलिए मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रयास करने का निर्णय लिया गया। रविवार रात्रि भाजपा कार्यालय में जो नेताओं की बैठक हुई उसमें यही प्रमुख मुद्दा था कि भाजपा के समर्थक मतदाताओं से ज्यादा से ज्यादा वोटिंग कैसे कराई जाए। इसके लिए सभी को कहा गया कि वे कार्यकर्ताओं को एक्टिव करें। बैठक के दौरान मौजूद नेताओं के चेहरे पर कांग्रेस के नोटा का प्रभाव स्पष्ट दिख रहा था।

## रथ करेगा मोदी सरकार की उपलब्धियों का प्रचार



### कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने हाईटेक रथ का किया लोकार्पण

**खुलासा फर्स्ट...इंदौर**

यह हाईटेक रथ शहर में जगह-जगह घूमेगा और इसके माध्यम से मोदी सरकार की 10 साल की उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार होगा। सभी कार्यकर्ता भी घर-घर जाएं और लोगों से मतदान करने का आग्रह करें।

यह बात मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने लोकसभा चुनाव के लिए बनाए गए हाईटेक रथ के लोकार्पण के अवसर पर नृसिंह वाटिका में कही। यह रथ अशोक डागा मित्रमंडल द्वारा बनाया गया है। मीडिया प्रभारी रामस्वरूप मूंदड़ा ने बताया कि रथ में 7 बाय 5 फीट की हाईटेक एलईडी लगाई गई है, जिस पर 11 मिनट का वीडियो लगातार चलाया जाएगा।

महानगर विकास परिषद के संयोजक अशोक डागा ने कहा कि आकर्षक वीडियो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सुमित्रा महाजन आदि के भाषणों के साथ शंकर लालवानी का इंटरव्यू भी शामिल किया गया है। प्रारंभ में कैलाश विजयवर्गीय ने रथ का पूजन किया और सभी का मुंह मीठा कराया। रथ के संयोजक प्रकाश पारवानी ने संचालन किया। इस अवसर पर सुधीर देड़गे, देवेंद्र ईनानी, दीपेश डागा, नितिन तापड़िया, सरयू वाघमारे, कंचन गिदवानी, मोनिका सबनीस, निलेश केदारे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आज चलेगा चलें बूथ की ओर अभियान

**खुलासा फर्स्ट...इंदौर**

लोकसभा चुनाव में अधिकाधिक मतदान को लेकर मंगलवार को चलें बूथ की ओर अभियान चलाया जाएगा। प्रत्येक मतदान केन्द्र पर यह अभियान चलेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह के निर्देशानुसार यह अभियान इंदौर जिले के सभी ग्राम और वार्ड में एक साथ होगा।

इसमें मतदान केंद्रों तक प्रातः 10 से 11 बजे तक बूथ मार्च निकाला जाएगा। जिसमें स्थानीय नागरिक, विभिन्न विभागों के कर्मचारी एवं विद्यार्थियों को सम्मिलित किया जाएगा। बूथ मार्च समाप्ति उपरांत मतदान केन्द्रों पर मतदान करने के लिए सामूहिक शपथ दिलाई जाएगी। इंदौर जिले में अधिकाधिक मतदान सुनिश्चित कराने के लिए बूथ मार्च उपरांत बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यों द्वारा सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक अलग-अलग दल बनाकर प्रत्येक ग्राम/बस्ती में घर-घर जा कर पीले चावल देकर 13 मई को मतदान हेतु मतदाताओं को आमंत्रित किया जाएगा। मतदाताओं से संकल्प पत्र भी भरवाए जाएंगे। इसी दिन संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार मेगा रंगोली, मानव श्रृंखला, साइकिल रैली, सेल्फी पाइंट आदि स्वीप गतिविधियां भी की जाएगी। गतिविधि के उपरांत मतदान केंद्र पर सामूहिक श्रमदान कर साफ सफाई, साज सज्जा भी की जाएगी।

**राजधानी में 62 वर्ष पुराने 3 हजार 238 आवास जर्जर**

# 12 हजार रहवासियों को खतरा प्रशासन ने बोर्ड लगा दिए, गिराए नहीं



डॉ. भूपेंद्र विकल
74770-62707
खुलासा फर्स्ट भोपाल

राजधानी के भेल क्षेत्र में वर्ष 1962 में कर्मचारियों के लिए बने 8 हजार में से 3 हजार 238 आवास पूरी तरह से जर्जर हो गए हैं और दो दशक से खाली पड़े हैं। इसके बाद भी इन्हें गिराने की कार्रवाई नहीं हो रही है। यह कभी भी गिर सकते हैं, जिसके कारण आसपास रहने वाले 12 हजार से अधिक रहवासियों को खतरा हो सकता है। ये आवास इतने जर्जर हो चुके हैं कि छत और दीवार गिरती ही रहती है।

प्रशासन ने इन आवासों के आसपास बोर्ड तो लगा दिए, लेकिन इन्हें गिराने की कार्रवाई नहीं की जा रही है। डेढ़ माह बाद बारिश में यह आवास पिछले वर्ष की तरह ही गिरेंगे और आसपास के रहवासियों के लिए खतरा बनेंगे। यह संभावना अत्यधिक है। इन जर्जर आवासों के इस तरह के हालातों के लिए नगर निगम प्रशासन जिम्मेदार है। इनका मेंटेनेंस विगत 2004 से बिल्कुल नहीं किया गया। मेंटेनेंस के अभाव में यह जर्जर हो गए।




### खाली आवासों में कब्जे भी किए थे

विजय मार्केट, बरखेड़ा पठानी और पिपलानी में स्थित एच-2, एस-3 और एच-4 में 8 हजार आवासों में से 3 हजार 238 जर्जर हो गए हैं। इनमें से एच-2 और एच-3 आवास में शासकीय कर्मचारी, एच -4 आवास में अधिकारियों का आवास था। चार वर्ष पहले कर्मचारी और अधिकारियों ने इन्हें खाली कर दिया। खाली आवासों में कब्जे भी किए गए थे। प्रशासन ने कार्रवाई कर कब्जे हटवा दिए थे।

### जर्जर आवासों में हो रहा अनैतिक काम

खाली जर्जर आवास में विगत वर्षों से असामाजिक तत्वों द्वारा अनैतिक काम किया जा रहा है। आसपास के रहवासियों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चार वर्ष से पुलिस की गश्त भी बंद हो गई है। इस कारण असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हो गए हैं।

### खंडहर आवासों को जल्द गिराया जाएगा

जिला प्रशासन के सहयोग से इन 3 हजार 238 आवासों को जल्द गिराया जाएगा। जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश का इंतजार किया जा रहा है। **-विनोदानंद झा,** पीआरओ, भेल, नगर निगम भोपाल

## मतदान के लिए लगी कतारें



**खुलासा फर्स्ट...भोपाल।** भोपाल लोकसभा सीट के लिए चल रहे मतदान में सुबह से ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारें देखी गईं।

## आदिवासियों की हालत पढ़कर कहीं कूद न जाएं राहुल : गोविंद मालू का तंज

**खुलासा फर्स्ट...इंदौर।** राहुल गांधी मध्यप्रदेश केवल वोट मांगने आते हैं या डराने। सोमवार को उन्होंने फिर भोले-भाले आदिवासियों को डराया। आरक्षण के नाम पर भी डराया। उन्होंने अपनी पोस्ट में राहुल पर करारा तंज भी कसा है। मालू ने कहा राहुल गांधी के दादी-नाना के जमाने में ही कालाहांडी और अबूझमाड़ पैदा हुए। राहुल को अपनी सरकारों की असलियत पता करना हो तो वे पी. साईनाथ की सन 2000 में अंग्रेजी में प्रकाशित किताब 'सबको सूखा पसंद हैं' पढ़ लें, जिसे 100 आदिवासी जिलों का अध्ययन कर लिखा गया है। डर है राहुलजी इसमें कांग्रेस कालखंड के दौरान आदिवासी क्षेत्रों का भयावह वर्णन पढ़कर खुद न डर जाएं और कहीं कूद न जाएं। उड़ीसा का कालाहांडी कांड उस पीढ़ी को याद है, जो कांग्रेस का आदिवासी शोषण या कथित सम्मान की दास्तां बयान करता है।




## आज खजराना गणेश के श्रृंगार दर्शन



खजराना में भगवान गणेश का आज सुबह अभिषेक, पूजन कर आकर्षक श्रृंगार किया गया। भगवान को फूलों से सजाकर भोग लगाया गया।

## आज बगलामुखी माता के श्रृंगार दर्शन



नलखेड़ा स्थित बगलामुखी माता का आज सुबह पूजन कर आकर्षक श्रृंगार किया गया तथा आरती कर मां को भोग लगाया गया।

## आज महाकाल का भस्मारती श्रृंगार दर्शन



भस्मारती के दौरान आज सुबह भगवान महाकाल का भांग, सूखे मेवों और फूलों से आकर्षक श्रृंगार कर भोग अर्पित किया गया।

### झांकियां रही आकर्षण का केंद्र, भजनों पर झूमी मातृशक्ति

# आतिशबाजी के साथ निकली संत शिरोमणि सेन महाराज की शोभायात्रा

**खुलासा फर्स्ट...इंदौर**

सेन जयंती के अवसर पर केंद्रीय समिति सेन समाज ने सेन एकता शोभायात्रा निकाली, जिसमें समाज के आराध्य सेन महाराज फूलों से सजे रथ पर सवार होकर निकले। यात्रा में हजारों मातृशक्तियों के साथ समाजजन शामिल हुए।

केंद्रीय समिति समाज के अध्यक्ष निलेश सेन शैलू व लखन परमार ने बताया कि शोभायात्रा में समाज के 19 गौठ के सभी अध्यक्ष और संतों के साथ हजारों मातृशक्तियां शामिल हुईं। इस अवसर पर समाजजनों के हाथों पर मतदान करने की अपील की पट्टिका भी बांधी गई। शोभायात्रा में झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। यात्रा में घोड़े-बग्गी व बैंड बाजे के साथ अखाड़े के उस्ताद खलीफा करतब दिखाते हुए चल रहे थे। यात्रा दशहरा मैदान से शुरू होकर चाणक्यपुरी सेन चौराहा पहुंची।





### सेन महाराज की 724 दीपकों से आरती

सेन चौराहा प्रतिमा स्थल पर मातृशक्तियों ने सेन महाराज की 724 दीपकों से आरती कर आतिशबाजी की। 10 हजार से अधिक समाजजनों ने महाप्रसादी ग्रहण की। यात्रा में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड़, भारतीय सेन समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री नंदकिशोर वर्मा, सज्जन सिंह वर्मा, विनय बाकलीवाल, संदीप दुबे समेत अनेक राजनेता शामिल हुए।

### समाज की विभूतियों का सम्मान

यात्रा समापन पर समाज की विभूतियों भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर अवार्ड से कमलेश सेन और जयनारायण भाटी गिनीज बुक रिकॉर्ड धारी का सम्मान किया गया। साथ ही पन्नाधाय अवार्ड से स्व. हेमलता रतनलाल निमरानिया और भारती चौहान को नवाजा। इस अवसर पर केंद्रीय समिति के अध्यक्ष निलेश सेन शैलू, जनक सेन राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय सेन समाज, नंदकिशोर वर्मा, संदीप श्रीवास, अमर सिंह श्रीवास आदि मौजूद थे।

श्री बड़े रणजीत हनुमान मंदिर में जारी हनुमंत कथा में चेतनराय महाराज ने कहा-

## भजन-कीर्तन से मन में रहती है स्थिरता

**खुलासा फर्स्ट...इंदौर**

भजन-कीर्तन की महत्ता निराली है। इससे मनुष्य का मन स्थिर हो जाता है। राम चरित्र मानस में बताया गया है कि अगर आपसे कोई सेवा कार्य हो या न हो लेकिन प्रभु का सत्संग श्रवण करने मात्र से ही आप भव सागर को पार कर सकते हैं। वृद्धा अवस्था में जो व्यक्ति मंदिर नहीं जा सकते, कोई ग्रंथ नहीं पढ़ सकते, वजन नहीं उठा सकते उनके लिए कथा श्रवण ही एकमात्र ऐसा साधन है जिससे वो प्रभु की कृपा पा सकते हैं। प्रभु की भक्ति पाने का माध्यम सत्संग ही है।

उक्त विचार महू नाका समाजवाद नगर स्थित श्री बड़े रणजीत हनुमान मंदिर में जारी हनुमंत कथा के चौथे दिन चेतनराय महाराज ने व्यक्त किए। उन्होंने कथा में सुग्रीव, बालि व हनुमान प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन कर सभी को भाव विभोर कर दिया। हनुमंत कथा में कुछ क्षण ऐसे भी आए जिसमें भक्तों की अश्रुधारा बह निकली। भगवान श्रीराम व हनुमान प्रसंग ने सभी भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



### श्री बड़े रणजीत हनुमान का महाअभिषेक आज

श्री बड़े रणजीत हनुमान मंदिर समिति अध्यक्ष संजय शर्मा एवं प्रचार प्रमुख अमित बोड़ाने बताया कि हनुमंत कथा का समापन मंगलवार 7 मई को होगा। वहीं इसी दिन सुबह 8 बजे विद्वान पंडितों के सान्निध्य में श्री बड़े रणजीत हनुमान का महाअभिषेक किया जाएगा। दोपहर में हवन-पूजन होगा, जिसमें भक्त आहुतियां समर्पित करेंगे। शाम को महाआरती के पश्चात प्रसादी वितरण के बाद 5 दिवसीय महोत्सव का समापन होगा।

## खाटू श्याम मंदिर आश्रम का भूमिपूजन



**खुलासा फर्स्ट...इंदौर।** पीथमपुर रोड पर खाटू श्याम मंदिर आश्रम का भूमिपूजन साधु-संतों के सान्निध्य में किया गया। इस अवसर पर भजन गायक मनीष तिवारी की भजन संध्या भी हुई। महंत रुक्मणी देवी व यजमान जितेंद्र पटेल ने बताया कि खाटू श्याम मंदिर आश्रम का भूमिपूजन योगीराज सरकार, संतश्री अण्णा महाराज, महामंडलेश्वर धर्मेंद्र पुरी महाराज, महंत सुखराम दास महाराज सहित अन्य संतों के सान्निध्य में किया गया। इस मंदिर में खाटू श्याम बाबा विराजित होंगे। आश्रम में गुरुकुल, वृद्ध आश्रम गौशाला एवं पशु चिकित्सालय सहित अन्य सेवाएं संचालित होंगी।

## स्वामी कृपालदासजी की 35वीं पुण्यतिथि मनाई



**खुलासा फर्स्ट...इंदौर।** सिंधी समाज ने वर्सी उत्सव के अन्तर्गत स्वामी कृपालदासजी हंस की 35वीं पुण्यतिथि पार्श्वनाथ नगर स्थित कृपा विला में मनाई। दरबार सेवा समिति के सचिव जितेंद्र रामनानी एवं उपाध्यक्ष राम मेंघानी ने बताया कि साधु-संत स्वामी शीलहंस महाराज ने आशीर्वचन दिए। संत हरदासराम हंस और दीपक महाराज ने भी विचार व्यक्त किए। प्रचार सचिव प्रताप मेंघानी ने बताया भोग साहिब व संतों के भोजन पश्चात महाप्रसादी का आयोजन किया गया। पार्षद योगेश गेंदर, कंचन गिदवानी, कोषाध्यक्ष द्रौपदी रिझवानी, कमल कलवानी, लक्ष्मण अजय खियानी सहित गणमान्य लोग मौजूद थे।

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत आज देश की कई सीटों पर वोटिंग चल रही है। अब सभी राजनीतिक दल चौथे चरण के मतदान को फोकस कर पूरा जोर लगा रहे हैं। इसी के चलते पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को ओडिशा के नबरंगपुर और बेरहमपुर तथा आंध्रप्रदेश के राजा महेंद्रवरम और अनकापल्ली में रैलियां कीं। इस दौरान उन्होंने झारखंड में ईडी के छापे में मिले करोड़ों रुपए का जिक्र कर इंडी गठबंधन और कांग्रेस को खूब खरी-खोटी सुनाई। अपने भाषण में पीएम ने केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का भी जिक्र कर भाजपा को वोट देने की अपील की।

## चुनावी चटखारे

### गदा सीएम की, सिर रावत का..!



कांग्रेस से भाजपा में आए पूर्व विधायक रामनिवास रावत ने सोचा नहीं था कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जब गदा घुमाएंगे तो उनके सिर पर चोट लग जाएगी। दरअसल, राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र के राघौगढ़ में प्रचार के आखिरी दिन सीएम डॉ. मोहन यादव राघौगढ़ में रोड शो कर रहे थे। किसी ने उन्हें गदा भेंट की, तो वे उसे घुमाने लगे, उनके समीप विधायक रामनिवास रावत भी खड़े थे। गदा उनके सिर में लग गई, सीएम ने गदा छोड़कर उनका सिर सहलाया और अपनी पगड़ी उतारकर रावत को पहना दी।

### स्टार प्रचारकों वाली हॉट सीट

मुरैना लोकसभा सीट प्रदेश की एकमात्र ऐसी सीट कही जा सकती है, जो प्रत्याशी से ज्यादा स्टार प्रचारकों की सभा से हॉट सीट हो गई है। विधानसभा स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर पिछली बार यहीं से सांसद थे। अब यहां भाजपा ने पूर्व विधायक शिवमंगल सिंह तोमर को, कांग्रेस ने (भाजपा के) पूर्व विधायक सत्यपाल सिंह सिकरवार नीटू को और बसपा ने उद्योगपति रमेश गर्ग को टिकट दिया है। यहां तीसरे चरण में 7 मई को मतदान होना है। यह हॉट सीट इसलिए बन गई है कि विधानसभा स्पीकर तोमर की प्रतिष्ठा दांव पर है। यह ऐसी एकमात्र सीट है, जहां नरेंद्र मोदी, प्रियंका गांधी और मायावती आमसभा कर चुके हैं।

### अब मैं नाच्यो बहुत गोपाल..!



भक्त सूरदास का गीत है 'अब मैं नाच्यो बहुत गोपाल, काम क्रोध को पहरि चोलना, कंठ विषयन की माल...' सूरदास ने तो कृष्ण से सब बंधनों से मुक्त करने के लिए प्रार्थना की है, लेकिन मतदाताओं को रिझाने के लिए प्रत्याशी मौका लगते ही ठुमके भी लगाने लगते हैं। गुना से भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया चंदेरी में रोड शो समाप्त करने के बाद डांस करते नजर आए, उनका यह वीडियो वायरल हो रहा है। राजस्थान में तो प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा हर सभा में अपना भाषण समाप्त करने के बाद राजस्थानी गीतों पर थिरकते ही हैं। राजस्थान के ही कांग्रेस नेता हरीश चौधरी, किरोड़ीलाल मीणा भी इसी तरह लोगों का दिल जीत रहे हैं।

### रणदिवे की बूथ इंजीनियरिंग

कांग्रेस के दिग्विजय सिंह सरकार चलाने में सोशल इंजीनियरिंग के पक्षधर माने जाते हैं। अब भाजपा ने बूथ इंजीनियरिंग का प्रयोग इंदौर से शुरु कर दिया है। प्रधानमंत्री मोदी 7 मई को धार में सभा करने आ रहे हैं। नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे बूथ इंजीनियरिंग के तहत विधानसभा चुनाव के दौरान जिले के जिन बूथ पर भाजपा को सर्वाधिक वोटों से जीत मिली है, उन बूथ के अध्यक्ष, महामंत्री को प्रधानमंत्री से एयरपोर्ट पर मिलवाएंगे।

■ कीर्ति राणा

झारखंड में ईडी के छापे में नोटों के अंबार पर बोले पीएम मोदी

# घर जाओ, टीवी पर देखना माल पकड़ रहा है मोदी



**खुलासा फर्स्ट... भुवनेश्वर/बेंगलुरु**

पीएम नरेंद्र मोदी ने झारखंड के मंत्री के पीएस के नौकर के घर सोमवार को मिले नोटों के अंबार पर सियासत तेज हो गई है। मोदी ने ओडिशा के नबरंगपुर में रैली के दौरान इस मुद्दे को उठाया है। उन्होंने कहा कि मैं रुपया एक भेजूंगा तो भी खाने नहीं दूंगा। जो खाएगा, वो जेल जाकर खाना खाएगा। जेल की रोटी चबाएगा।

पीएम मोदी ने रैली में मौजूद लोगों से कहा- आज घर जाओगे तो टीवी पर देखना आज यहां पड़ोस में (झारखंड) नोटों के पहाड़ मिल रहे हैं। मोदी माल पकड़ रहा है। वहां चोरी बंद की है। इनकी लूट बंद कर दी। उन्होंने जनता से पूछा- अब मोदी को गाली देंगे कि नहीं। गाली खाकर मुझे काम करना चाहिए कि नहीं। आपके हक का पैसा बचाना चाहिए कि नहीं।

ज्ञात हो, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड के रांची में कई ठिकानों पर छापेमारी कर बड़े पैमाने पर कैश बरामद किया है। ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल के नौकर के घर से ईडी ने भारी नकदी बरामद की है। यह 30 करोड़ रुपये बताई गई है। इतनी अधिक बरामदगी होने पर ईडी अधिकारियों को नोट गिनने वाली मशीनें मगानी पड़ीं।

### ओडिशा में बीजेपी सरकार बनी तो धान 3100 रुपए में खरीदी जाएगी

पीएम मोदी ने कहा कि नबरंगपुर से छत्तीसगढ़ की दूरी 50-60 किलोमीटर है। वहां, भाजपा सरकार 3,100 रुपये प्रति क्विंटल पर धान खरीदती है। जबकि, यहां ओडिशा में केवल 2,100 रुपये में खरीदा जाता है। ओडिशा बीजेपी ने घोषणा की है कि बीजेपी सरकार बनने के दूसरे ही दिन 3100 रुपये प्रति क्विंटल पर धान खरीदी जाएगी।

### कहा- जो भ्रष्टाचार करेगा, वो जेल की रोटी चबाएगा



### आंध्र प्रदेश में कांग्रेस और राज्य सरकार पर बरसे

लोकसभा चुनाव 2024 के तहत ओडिशा से आंध्र प्रदेश पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी ने अपनी रैली के दौरान कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। राजा महेंद्रवरम और अनकापल्ली की रैली में उन्होंने कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति के कारण कांग्रेस ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का बहिष्कार किया। जो भी कांग्रेस नेता मंदिर जाता है, उसे पार्टी से बर्खास्त कर दिया जाता है। उनका काला धन पकड़ने के लिए मुझे गालियां दी जा रही हैं, लेकिन मैं गरीब लोगों के पैसे के लिए चिंतित हूं।

### ओडिशा में इस बार दो यज्ञ एक साथ हो रहे

इससे पहले ओडिशा के बेरहमपुर में पीएम मोदी ने कहा कि कल मैं प्रभु राम की नगरी अयोध्या में था। वहां रामलला और अयोध्यावासियों के दर्शन किए। आज यहां महाप्रभु जगन्नाथ की धरती पर आया हूं। आपका आशीर्वाद लेने के लिए आया हूं। ओडिशा में इस बार 2 यज्ञ एकसाथ हो रहे हैं। एक यज्ञ देश में, हिंदुस्तान में मजबूत सरकार बनाने के लिए है और दूसरा यज्ञ ओडिशा में भाजपा के नेतृत्व वाली मजबूत राज्य सरकार बनाने के लिए है और दूसरा यज्ञ ओडिशा में भाजपा के नेतृत्व वाली मजबूत राज्य सरकार बनाने का है।

### केंद्र की परियोजना रोक रही राज्य सरकार

पीएम ने राज्य सरकार पर जुबानी हमला करते हुए कहा कि आंध्र प्रदेश में केंद्र सरकार की परियोजनाओं में जनहित को पटरी से उतारने के लिए देरी की जा रही है। इसलिए, आंध्र प्रदेश में डबल इंजन की सरकार सुनिश्चित करें, ताकि कुछ भी रुका न रहे, कुछ भी अविकसित न रहे। पीएम ने कहा कि आंध्र प्रदेश ऊर्जा और प्रतिभा से समृद्ध है। प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आंध्र प्रदेश की ताकत का लोहा पूरी दुनिया मानती है। आज, जब भारत बड़ी प्रगति कर रहा है, तो आंध्र प्रदेश को भी ऐसा ही करना चाहिए।

### मुसीबतों को अवसर में बदल सकता है आपका एक वोट

पीएम मोदी ने कहा कि आप सुनिश्चित करें कि आप 13 मई को वोट करें और हमारा समर्थन करें। इस बार आंध्र प्रदेश के पास मोदी की गारंटी है। हमारे प्रत्याशी को जिताएं और विकास होते हुए देखें। मोदी ने कहा कि आंध्र प्रदेश के लोगों को कांग्रेस और वाईएसआर कांग्रेस की नकारात्मकता से दूर रहना चाहिए। आंध्र प्रदेश के लोगों को भाजपा का समर्थन करना चाहिए। आज भारत 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' के शानदार रास्ते पर चलते हुए तेजी से विकास कर रहा है। आपका एक वोट मुसीबतों को अवसर में बदल सकता है। आज पूरा विश्व भारत को लेकर आशावादी है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बोले-

# कांग्रेस की गोद में बैठे हैं लालू-तेजस्वी

**खुलासा फर्स्ट... पटना**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को बिहार के उजियारपुर में बीजेपी प्रत्याशी नित्यानंद राय के समर्थन में आमसभा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि लालू जी के लालटेन व पंजे के साथ अन्याय, भूखमरी, गरीबी तो एनडीए के साथ आने पर डबल इंजन सरकार मिलेगी जो बिहार को आगे बढ़ाएगी। अमित शाह ने बिहार के विकास के लिए नरेंद्र मोदी सरकार के द्वारा दी गयी राशि और विकास परियोजनाओं का जिक्र किया। समस्तीपुर में बन रहे सिक्सलेन आदि के बारे में भी उन्होंने बताया।

अमित शाह ने कहा कि इंडी गठबंधन अगर सत्ता में आया तो बिहार ही नहीं, पूरे देश में जंगलराज आ जाएगा। मैं लालू यादव को कहना चाहता हूं। इसी कांग्रेस ने पिछड़ों का विरोध किया। मंडल कमीशन का विरोध किया। पिछड़ा समाज के विरोधी कांग्रेस की गोद में लालू व इनके बेटे बैठे हैं। भाजपा ने सबसे पहले पिछड़ा-अति पिछड़ा वर्ग का प्रधानमंत्री बनाया है। गरीब चाय बेचने वाले को प्रधानमंत्री बनाया है।



इंडी गठबंधन सत्ता में आया तो देश में जंगलराज आ जाएगा

### कुशवाहा समाज को भी लालू ने अपमानित किया

गृह मंत्री ने कहा कि कुशवाहा समाज को भी लालू जी ने हमेशा अपमानित किया। मोदी जी ने उपेन्द्र कुशवाहा जी को आगे बढ़ाया और सम्राट चौधरी को उपमुख्यमंत्री बनाया। कुशवाहा समाज को आगे बढ़ाने का काम मोदी जी ने किया। कल झारखंड में इंडी गठबंधन के मंत्री के सचिव के नौकर के यहां से 30 करोड़ रुपये मिले। इसके 2 महीने पहले कांग्रेस सांसद के यहां से 350 करोड़ रुपया मिला, इससे कुछ समय पहले ममता बनर्जी के मंत्री के घर 51 करोड़ रुपया मिला। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बनी और रातों रात सारे मुस्लिम समाज को, पिछड़ेपन का सर्वे किए बगैर पिछड़ा घोषित कर दिया और पिछड़े समाज का 5 प्रतिशत आरक्षण काटकर मुसलमानों को दे दिया।

### परिवारवाद और जातिवाद पर हमला

अमित शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने परिवारवाद और जातिवाद व तुष्टिकरण को समाप्त किया है। कांग्रेस पार्टी व इनके साथी लालू जी कहते थे गरीबी हटाओ लेकिन गरीबी नहीं हटती थी। नरेंद्र मोदी सरकार के मुफ्त अनाज योजना का बखान अमित शाह ने किया। कांग्रेस और राजद एक होकर भाजपा-जदयू के खिलाफ लड़ रही है। लालू यादव ने बिहार को जंगलराज में बदलकर रख दिया। राबड़ी-लालू शासनकाल आप याद किजिए। एनडीए की सरकार बनी तो सबके साथ अत्याचार बंद हुआ। गृह मंत्री ने अपने भाषण की शुरुआत भारत माता की जय

आलोट और जावरा की सभा में कांग्रेस पर तीखा हमला बोला

# बेटे के मोह में मां ने पार्टी का सत्यानाश किया

**खुलासा फर्स्ट... उज्जैन**

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में रतलाम और उज्जैन में रोड शो किया तथा रतलाम जिले के आलोट और जावरा में सभा को संबोधित किया। सीएम शाम को उज्जैन में आयोजित महिला मोर्चे के कार्यक्रम में भी शामिल हुए। इस दौरान डॉ. यादव ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आलोट और जावरा में कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी का नाम लिए बगैर कहा कि बेटे के मोह में मां पार्टी का सत्यानाश कर रही हैं। उन्हें सिर्फ एक बेटा और बेटी की चिंता है, बाकी पार्टी जाए भाड़ में। उन्होंने कांग्रेस की तुलना शिशुपाल से की। सीएम ने कांग्रेस के लिए कहा कि जिनके पति प्रधानमंत्री रहे, जिनकी सास, दादी, परनानी ने 55 साल सरकार चलाई, लेकिन पेट नहीं भराया। देश को चंद्रशेखर और भगतसिंह और क्रांतिकारियों ने देश को आजादी दिलाई। कांग्रेस के अकेले खानदान ने थोड़े ही आजादी दिलाई, लेकिन ये सत्ता पकड़कर बैठ गए और शहंशाह बन गए।

### उज्जैन में डॉ. यादव का रोड शो, शंख बजाकर की अगवानी

शाम को उज्जैन के मनोरमा गार्डन में महिला मोर्चे का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें शंख बजाकर उनकी अगवानी की गई। सीएम ने महिला कार्यकर्ताओं का हाथ जोड़कर अभिवादन किया। इससे पहले दोपहर में मुख्यमंत्री ने उज्जैन लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अनिल फिरोजिया के समर्थन में रोड शो किया। उन्होंने पुरानी नगर परिषद से रोड शो प्रारंभ किया। रोड शो महाराणा प्रताप, नीम चौक, हवलदार चौक होता हुआ आलोट नाके पर पहुंचा। इस दौरान जगह-जगह स्वागत भी किया गया। अतिथि शिक्षकों ने सीएम को ज्ञापन देकर नियमितीकरण की मांग की।

रतलाम में कांग्रेस की तुलना शिशुपाल से की

### सीएम डॉ. यादव ने रतलाम और उज्जैन में किया रोड शो



### विपक्ष के पाप का घड़ा भरने वाला है

सीएम ने आलोट नाके पर नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। सीएम ने कहा, 'कांग्रेस और विपक्ष के नेता भाजपा को दिन-रात गाली दे रहे हैं। इनके पाप का घड़ा भरने वाला है। शिशुपाल ने भी भगवान कृष्ण को 100 गालियां सुनाई। जैसे ही 100 गालियां पूरी हुईं, शिशुपाल का काम तमाम कर दिया।' सीएम ने आलोट में कांग्रेस के लिए कहा- हम सनातन की बात करते हैं, लेकिन तुम (कांग्रेस) सनातनी नहीं हो। हमारे यहां भगवान की मूर्ति के हाथ-पैर टूट जाएं, तो विसर्जन करना पड़ता है। इसी तरह तुम (कांग्रेस) कटे हाथ का चुनाव चिन्ह लेकर निकले हो। ऐसे में तुम सनातनी नहीं हो सकते। सीएम यादव ने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत से भाजपा 400 पार का संकल्प पूरा करेगी। इस दौरान भाजपा लोकसभा प्रत्याशी अनिल फिरोजिया, आलोट विधायक चिंतामणि मालवीय, ताल नगर परिषद अध्यक्ष मुकेश परमार सहित भाजपा संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**राहुल बोले...** रिजर्वेशन पर कोर्ट ने जो 50% की लिमिट लगा रखी है, उसे हटाकर 50% से आगे बढ़ाएंगे,

# आलीराजपुर और खरगोन की सभा में भाजपा की नीतियों पर भड़के राहुल

**खुलासा फर्स्ट... आलीराजपुर/खरगोन**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को एमपी के आलीराजपुर के जोबट और खरगोन के सेगांव में सभा को संबोधित कर रतलाम-झाबुआ संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी कांतिलाल भूरिया और खरगोन-बड़वानी से कांग्रेस प्रत्याशी पोरलाल खरते के लिए वोट मांगे। इस दौरान उन्होंने नौकरी, गरीबी और आदिवासियों के शोषण पर बीजेपी को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि भाजपा वाले चाहते हैं कि आप आगे मत बढ़ो। ये आपकी जमीन छीनना चाहते हैं। आपको अपने जंगल, जल और जमीन की रक्षा करनी है।

उन्होंने कहा कि बीजेपी और आरएसएस वाले संविधान खत्म करना चाहते हैं। संविधान खत्म हो गया तो जो अधिकार आपको मिले हैं, वे खत्म हो जाएंगे। ऐसा हुआ तो हिंदुस्तान में 22-25 लोगों का राज हो जाएगा। ये अडाणी और अंबानी जैसे लोग हैं, जो मोदी जी के खास लोग हैं। इसलिए उन्होंने 400 पार का नारा दिया है। लेकिन, 400 सीट तो छोड़िए, इन्हें 150 सीटें भी नहीं मिलेंगी। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी संबोधित किया।

राहुल गांधी ने कहा- मीडिया कहता है कि मनरेगा से लोगों की आदत बिगड़ती है। आप मजदूरी करते हो, उसके लिए आपको पैसा मिलता है। मीडिया कहता है आपकी आदत बिगड़ रही है। अरबपतियों का कर्जा माफ होता है तो उसको यह विकास कहते हैं। आज मनरेगा के लिए आपको 250 रुपए मिलता है। हमने मन बना लिया है चुनाव के बाद 400 रुपए मिलेगा।

# तीसरे चरण की वोटिंग से ठीक पहले सपा प्रदेश अध्यक्ष को बदला

**खुलासा फर्स्ट... लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण की वोटिंग से ठीक पहले अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी में बड़ा बदलाव किया है। अखिलेश ने नरेश उत्तम पटेल की जगह श्यामलाल पाल को यूपी का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। श्यामलाल पाल की बात करें तो वह समाजवादी पार्टी के प्रदेश महासचिव भी रह चुके हैं। उसके बाद नरेश उत्तम पटेल ने उन्हें प्रदेश कार्यकारिणी में शामिल किया था। बीते साल ही सपा ने उन्हें प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी थी। ज्ञात हो, नरेश उत्तम पटेल यूपी की फतेहपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। सपा मुखिया का करीबी भी माना जाता है। कहा जा रहा है कि उनका पूरा फोकस चुनाव अभियान पर रहे, इसको देखते हुए ही अखिलेश ने उनसे जिम्मेदारी लेकर श्यामलाल पाल को सौंपी है।




**आचार्य प्रमोद कृष्णम बड़ा खुलासा...** राहुल ने करीबियों से कहा था

# कांग्रेस की सरकार बनने पर पलट देंगे अयोध्या के राम मंदिर पर फैसला

**खुलासा फर्स्ट... संभल (उत्तरप्रदेश)**



पूर्व कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर पर फैसला आने के बाद राहुल गांधी ने अपने करीबियों के साथ बैठक की थी। इसमें कहा था कि कांग्रेस सरकार बनने के बाद वह एक सुपरपावर कमेटी का गठन करेंगे। राम मंदिर के फैसले को वैसे ही पलट देंगे जैसे राजीव गांधी ने शाह बानो के फैसले को पलट दिया था।

पूर्व कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने बड़ा बयान दिया है। पूर्व कांग्रेस नेता ने कहा कि वह कांग्रेस में 32 साल से अधिक समय तक रहे हैं। जब राम मंदिर का फैसला आया तो राहुल गांधी ने अपने करीबियों के साथ बैठक की थी। पूर्व कांग्रेस नेता व ऐंचोड़ा कंबोह स्थित श्री कल्कि धाम के पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि राहुल गांधी और उनकी टीम इस देश को किसी न किसी बहाने से तोड़ना चाहती है। पहले की कांग्रेस और वर्तमान की कांग्रेस में काफी फर्क है। कहा कि वह कांग्रेस में 32 साल से अधिक समय तक रहे हैं।

जब राम मंदिर का फैसला आया तो राहुल गांधी ने अपने करीबियों के साथ बैठक की थी। इसमें कहा था कि कांग्रेस सरकार बनने के बाद वह एक सुपरपावर कमेटी का गठन करेंगे। राम मंदिर के फैसले को वैसे ही पलट देंगे जैसे राजीव गांधी ने शाह बानो के फैसले को पलट दिया था। आचार्य ने ऐंचोड़ा कंबोह स्थित अपने आवास पर मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बड़ी पार्टी है। कांग्रेस पार्टी की जब स्थापना हुई तो देशभक्त नेता थे। उस वक्त की कांग्रेस ने देश को जोड़ने का काम किया।

## संपादकीय

# विवाह की गरिमा रीति-रिवाजों की अनदेखी से उपजी फिक्र

*देश की शीर्ष अदालत को यदि विवाह जैसे बेहद व्यक्तिगत मामले में परामर्श देना पड़ा है, तो इसका अभिप्राय यही है कि इसके मूल स्वरूप से तेजी से खिलवाड़ हुआ है। कोर्ट को सख्त लहजे में यहां तक कहना पड़ा कि विवाह जैसे उचित संस्कार और जरूरी समारोह के बिना होता है तो वह अमान्य ही होगा। निश्चित रूप से अदालत ने यह बताने का प्रयास किया कि इन जरूरी परंपराओं के निर्वहन से ही विवाह की पवित्रता और कानूनी जरूरतों को पूरा किया जा सकता है। दरअसल, हाल के वर्षों में विवाह समारोहों के आयोजन में पैसे के फूहड़ प्रदर्शन व तमाम तरह के आडंबरों को तो प्राथमिकता दी जा रही है, लेकिन परंपरागत हिंदू विवाह के तौर-तरीकों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। आज से कुछ दशक पूर्व हिंदी फिल्मों में हास्य पैदा करने के लिये विवाह से जुड़ी परंपराओं का जिस तरह का मजाक बनाया जाता था, आज कमोबेश वैसी स्थिति समाज में भी बनती जा रही है। वर-वधू द्वारा अपने जीवन के एक महत्वपूर्ण अध्याय को शुरू करने के वक्त जो शालीनता, गरिमा व पवित्रता होनी चाहिए, उसे खारिज करने की लगातार कोशिशें की जाती रही हैं। यही वजह है कि अदालत को याद दिलाना पड़ा कि हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के अंतर्गत विवाह की कानूनी जरूरतों तथा पवित्रता को गंभीरता से लेने की जरूरत है। इसके लिये पवित्र अग्नि के चारों ओर लगाये जाने वाले सात फेरे जैसे संस्कारों व सामाजिक समारोह से ही विवाह को मान्यता मिल सकती है। निश्चित रूप से आज विवाह संस्कार की गरिमा को प्रतिष्ठा दिये जाने की जरूरत है। विवाह सिर्फ प्रदर्शन नहीं है। विवाह मजबूरी का समझौता भी नहीं हो सकता। निश्चित रूप से भारतीय जीवन पद्धति में विवाह महज महत्वपूर्ण संस्कार ही नहीं है बल्कि नवदंपति के जीवन के नये अध्याय की शुरुआत भी है। जिसे हमारे पूर्वजों ने बेहद गरिमा व सम्मान के साथ पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ाया है। आज हम भले ही कितने आधुनिक हो जाएं, विवाह से जुड़ी अपरिहार्य परंपराओं को नजरअंदाज कदापि नहीं कर सकते।*

*निश्चित रूप से विवाह को औपचारिक रूप से मान्यता देने के लिये पंजीकरण आदि के उपाय इस रिश्ते को अपेक्षित गरिमा देने में विफल ही रहे हैं। यही वजह है कि शीर्ष अदालत में न्यायाधीश को कहना पड़ा कि सात फेरों का अर्थ समझे बिना हिंदू विवाह की गरिमा को नहीं समझा जा सकता। यह भी कि हिंदू विवाह सिर्फ नाचने-गाने तथा पार्टीबाजी की ही चीज नहीं है, यह एक गरिमामय संस्कार है। उसके लिये सामाजिक भागीदारी वाला जरूरी विवाह समारोह भी होना चाहिए। निस्संदेह, निष्कर्ष यही है कि पैसा पानी की तरह बहाकर तमाम तरह के आडंबरों को करने के बजाय विवाह के मर्म को समझना होगा। देशकाल व परिस्थितियों के अनुरूप विवाह पंजीकरण की जरूरत को भी खारिज नहीं किया जा सकता। हमें यह भी स्वीकारना होगा कि 21वीं सदी का भारतीय समाज बदलते वक्त के साथ नई चाल में ढला है। नई पीढ़ी की कामकाजी महिलाएं आज आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हुई हैं और अपनी शर्तों पर विवाह की परंपराओं को निभाने की बात करती हैं। जिसके चलते विवाह संस्था को लेकर कई अदालतों के फैसले सामने आए हैं, जिनकी तार्किकता को लेकर समाज में बहस चलती रहती है।*

## लोकसभा चुनाव चुनाव-2024

# अब मतदान के अंतिम आंकड़े जारी करने में देरी पर सियासी घमासान



अजय बोकिल
24 घंटे 365 दिन खुलासा फर्स्ट पक्का इंदौरी अखबार

अगर कण-कण में भगवान है तो मानिए कि इस देश के जर्रे-जर्रे में सियासत समा गई है। अब चुनाव कार्यक्रम, चुनाव प्रक्रिया, चुनाव नतीजे के साथ-साथ चरणवार मतदान के अंतिम आंकड़े जारी करने पर भी सियासी घमासान मचा है। गोया यह पूरा चुनाव ही शक शुबहों की सुरंग से होकर गुजर रहा है। विपक्ष को हर बात में खोट दिख रही है तो सत्ता पक्ष सब कुछ स्वाभाविक मानकर मुग्ध है।

विपक्ष को शक है कि चुनाव आयोग ने ये आंकड़े जानबूझकर देरी से जारी किए। खासकर 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान के 11 दिन बाद। इसके पीछे कहीं कोई 'खेला' तो नहीं है? जबकि चुनाव आयोग का कहना है कि समूचे आंकड़े जुटाने में वक्त लगता है, इसलिए अंतिम आंकड़े जारी करने में कुछ देरी हुई। यहां बात केवल अंतिम आंकड़ों की नहीं है। जो आंकड़े सामने आए हैं, वो चुनाव के दो चरणों के दौरान कम मतदान के नरेटिव को झटका देने वाले हैं।

शुरुआती आंकड़ों में यह संदेश छुपा था कि दोनों चरणों में 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में 3 से 7 फीसदी की गिरावट आई है। लेकिन चुनाव आयोग ने पहले चरण के डेढ़ हफ्ते बाद जो आंकड़े बताए, उससे पहले चरण में 102 संसदीय सीटों पर 66.14 प्रतिशत और दूसरे चरण में 88 सीटों पर 66.71 प्रतिशत वोट पड़े। जबकि चुनाव आयोग ने पहले चरण के मतदान के आरंभिक आंकड़े औसतन 60 प्रतिशत तथा दूसरे चरण में 60.96 प्रतिशत बताए थे।

अगर इसकी तुलना 2019 के लोकसभा चुनाव के प्रथम व द्वितीय चरण के मतदान प्रतिशत से की जाए तो वोटिंग में यह कमी क्रमशः 4 और 3 फीसदी की होती है। अगर पिछले लोस चुनाव के कुल औसत मतदान 67 फीसदी से इसकी तुलना करें तो कुल मतदान में घटत उतनी ज्यादा नहीं है, जितनी कि मानी जा रही थी। फिर भी मतदान घटा तो है, जिससे चुनाव नतीजे काफी बदल सकते हैं और कई जगह हार- जीत का अंतर भी बहुत कम रह सकता है।

### आंकड़ों की सियासत और सियासत के आंकड़े

मतदान के आरंभिक आंकड़ों ने राजनीतिक दलों की चिंता बढ़ा दी थी। माना जा रहा था कि तमाम कोशिशों के बाद भी वोटर घर से नहीं निकल रहा है। राजनीतिक विश्लेषक इस बात का गुणा-भाग लगा रहे थे कि कम मतदान किसको जीत की ट्रॉफी दिलाएगा।

इसके लिए तरह-तरह के आंकड़े और डाटा एनालिसिस पेश किया जा रहा था। मोटे तौर पर संदेश यही था कि कम मतदान सत्तारूढ़ भाजपा और एनडीए के लिए जोखिम भरा है। यह बताने की भी कोशिश हुई कि चुनाव में खासकर भाजपा का वोटर अपेक्षित संख्या में नहीं निकल रहा। ऐसे में देश में 2004 के लोकसभा चुनाव जैसी स्थिति बन सकती है, जब मतदान अपने पूर्ववर्ती 1999 के लोस चुनाव की तुलना में 1.9 फीसदी कम रहा था और सत्तारूढ़ अटलजी की सरकार सत्ता से बेदखल हो गई थी तथा नेतृत्व विहीन यूपीए गठबंधन सत्ता में आ गया था।

2009 के लोस चुनाव में भी औसत मतदान 58.21 प्रतिशत रहा और यूपीए 2 फिर सत्ता में लौटा, लेकिन 2014 ने वोटिंग ट्रेंड ने गीयर बदला। अगले दो लोकसभा चुनाव में यह 8 से 10 फीसदी तक बढ़ा और मोदी के नेतृत्व में भाजपा सत्ता में रही है। विपक्ष के लिए झटका यह



है कि पहले चरण के जो आंकड़े शुरू में बताए गए थे, उनमें 6 फीसदी से ज्यादा का अंतर है। यानी इतना मतदान बढ़ा है। ये आंकड़े 2019 के लोस चुनाव के पहले दो चरणों के औसत आंकड़ों के आसपास ही हैं।

इसका अर्थ यह हुआ कि मतदान कम जरूर हुआ है, लेकिन इतना कम भी नहीं हुआ है कि विपक्ष की बांछें खिल जाएं। अगर यही ट्रेंड अगले पांच चरणों में भी रहता है तो तय मानिए कि चुनाव नतीजे कमोबेश 2019 के जैसे ही हो सकते हैं।

### पक्ष और विपक्ष के बीच तनातनी

पहले दो चरणों के मतदान के अंतिम आंकड़ों से भाजपा ने कुछ राहत की सांस ली है, जबकि विपक्ष के मन में शक का कीड़ा और गहरा गया है। उसने चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवालिया निशान लगाते हुए तीन प्रश्न उठाए हैं। पहला यह कि दोनों चरणों के अंतिम आंकड़े जारी करने में इतनी देरी के पीछे मंशा या मजबूरी क्या है? दूसरे, कम बताया जा रहा मतदान अचानक 6 फीसदी तक कैसे बढ़ गया? यह सचमुच आंकड़ों के संग्रहण में देरी है या कुछ और? तीसरा यह कि आयोग केवल मतदान का प्रतिशत क्यों बता रहा है, कुल मतदान के आंकड़े बताने में उसे क्या परेशानी है? पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी ने तो आरोप लगाना शुरू भी कर दिया है कि चुनाव आयोग नतीजों में गड़बड़ी कर सकता है। आंकड़े जारी करने में यकीनन देरी हुई है। क्योंकि पहले के चुनाव में किसी भी चरण के अंतिम आंकड़े प्रायः तीन दिन के अंदर मिल जाते थे। वैसे भी मतदान के दिन शाम तक के जो आंकड़े चुनाव आयोग जारी करता है, वो सरसरी तौर पर और अनुमानित ही होते हैं, क्योंकि मतपेटियां जमा होने का क्रम देर रात तक या दूसरे दिन सुबह तक भी चलता है। उन सभी के मतदान के वास्तविक आंकड़ों की पुष्टि कर उनको कंपाइल करने में वक्त लगता है। लेकिन उंगली आयोग की मंशा पर उठ रही है।

कांग्रेस ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के पहले और दूसरे चरण के मतदान के अंतिम आंकड़े की जानकारी देने में देरी ‹अस्वीकार्य› है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने मीडिया से कहा कि हमे उम्मीद है कि चुनाव के बचे हुए चरणों में ऐसा नहीं होगा। सीपीएम नेता सीताराम येचुरी ने कहा कि ये बहुत परेशान करने वाला है। इससे नतीजों में गड़बड़ी का गंभीर शक पैदा होता है। उनका यह भी कहना था कि जब तक वोटों कुल आंकड़ा न बताया जाए तब तक प्रतिशत बताने का कोई अर्थ नहीं है।

दूसरी ओर पूर्व चुनाव आयुक्त एन गोपालास्वामी का कहना है कि मतदान के पुष्ट चुनावी आंकड़े तब उपलब्ध होते हैं, जब वोटिंग के अंत में फॉर्म 17C जमा किया जाता है। इसी फॉर्म पर डाले गए वोटों की कुल संख्या होती है, तभी आयोग को अंतिम आंकड़े पता चलते हैं। हालांकि, कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि अंतिम आंकड़ों में पांच छह फीसदी की घट बढ़ असामान्य नहीं है। इसका एक अर्थ यह भी है कि यदि अंतिम आंकड़े और घटते तो विपक्ष ज्यादा मुतमइन रहता, बढ़ते आंकड़ों ने उसे बेचैन कर दिया है। हालांकि, अंतिम आंकड़े जारी करने में इतना विलंब चुनाव आयोग की कार्य क्षमता पर भी सवाल खड़े करता है, क्योंकि जो काम तय सीमा में अब तक होता रहा है, वही काम ज्यादा संसाधनों और बेहतर टैक्नोलॉजी के बाद भी इतनी देरी से क्यों हो रहा है अथवा किया जा रहा है? हालांकि, यह मानना कठिन है कि चुनाव आयोग जान बूझ कर कोई खेला कर रहा होगा, क्योंकि इस चुनाव में सबसे ज्यादा विश्वसनीयता तो उसी की दांव पर लगी है। अगर यह कोई व्यवस्थागत खामी है तो उसे अगले चरणों में दूर करने की जरूरत है।

यह बात अलग है कि अपनी कॉलर ऊंची रखने के लिए कम मतदान को सभी दल अपने अपने पक्ष में बता रहे हैं, लेकिन खुटका सभी के मन में है और खासकर भाजपा के मन में जिसने 400 पार का नारा दिया हुआ है। ऊपर से भले ही प्रधानमंत्री कम मतदान को भगवा रंग में लिपटा मानें, लेकिन अंदरखाने बीजेपी ने अपनी समूची चुनावी मशीनरी को खड़का दिया है कि किसी भी कीमत पर ज्यादा से ज्यादा वोट डलवाओ। वरना नतीजों का ऊंट दुश्मन की करवट जा बैठेगा। कुलमिलाकर डर दोनों तरफ है।

हालांकि, कम मतदान की खबरों ने अचानक विपक्ष की ईवीएम पर आस्था बढ़ा दी थी।। लेकिन बढ़ा मतदान यह आस्था फिर घटा सकता है। याद करें कि 2019 के लोकसभा चुनाव के समय टीडीपी नेता चंद्राबाबू नायडू विरोधी खेमे में थे और उन्होंने भी ईवीएम पर सवाल उठाए थे। लेकिन इस दफा वो खामोश हैं, बीजेपी के साथ हैं और सत्ता में वापसी की आस लगाए हुए हैं। उन्हें ईवीएम में कहीं कोई खोट नजर नहीं आ रहा।

**खुलासा फर्स्ट** में प्रकाशित होने वाले लेख लेखकों के निजी विचार हैं।




# आर्ट कैंप में कंटेम्प्ररी आर्ट बनाना सिखाया

**खुलासा फर्स्ट...इंदौर**

संस्था आर्ट वे और क्रिएट स्टोरीज एनजीओ द्वारा अभिनव कला समाज में आयोजित मधुबनी आर्ट वर्कशॉप में फोक आर्ट वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप में सीनियर आर्टिस्ट शुभा वैद्य ने फोक आर्ट वर्कशॉप लेकर बताया कि मधुबनी चित्रकारी से कंटेम्प्ररी आर्ट कैसे बना सकते हैं।

उन्होंने कहा कि अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा को एक कलाकार के भांति निखारें और खुद को पहचाने। कला सार्विक भाषा है जिसमें समस्त लोगों को एकजुट करने की क्षमता होती है। कला अनेक तरीकों से जीवन की गुणवत्ता में वृद्धि करती हैं। वे बच्चे की शिक्षा की शुरुआत से वयस्क होने और कैरियर के समय तक व्यक्तिगत एवं शैक्षणिक सफलता दोनों को ही बेहतर बनाती हैं।



**पेंटिंग में नींव चालू होती है बैकग्राउंड से**

शुभा वैद्य ने सभी रंगों को मिलाकर नया रंग बनाना और अलग-अलग कलर्स के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जब भी कोई व्यक्ति पेंटिंग, इमारत, लेख या जिन्दगी की बात करते हैं तब सबसे पहले आती है नींव डालना। पेंटिंग में नीव चालू होती है बैकग्राउंड से। बैकग्राउंड को हम अलग-अलग टेक्सचर और कलर्स दे सकते हैं। 8 मई को सुबह 10 से 1 बजे तक बनाई कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगेगी।

## पुनीत अग्रवाल टेनिस कोर्ट का उद्घाटन



**खुलासा फर्स्ट...इंदौर**। जेजी स्कूल, महू में स्वर्गीय पुनीत अग्रवाल की स्मृति में पुनीत अग्रवाल टेनिस कोर्ट का उद्घाटन पाथ (इंडिया) लिमिटेड की निर्देशिका नीति अग्रवाल द्वारा किया गया और स्वर्गीय पुनीत अग्रवाल की विरासत को श्रद्धापूर्वक याद किया।

## नि :शुल्क सकोरे और दाना वितरण 8 मई को

**खुलासा फर्स्ट...इंदौर**। श्री गीतारामेश्वरम् ट्रस्ट के तत्वावधान में भीषण गर्मी के चलते पक्षियों के दाना-पानी के लिए सकोरे एवं दाना के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधों का वितरण 8 मई को सुबह 10 बजे रीगल तिराहे पर किया जाएगा। मदन परमालिया ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री स्व. रामेश्वर पटेल एवं स्व. गीता रामेश्वर पटेल की स्मृति में चलाए गए अभियान के तहत ट्रस्ट के संरक्षक सत्यनारायण पटेल के आतिथ्य में पक्षियों के दाना-पानी के लिए सकोरे, दाना एवं पौधों का वितरण किया जाएगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद सत्यनारायण पटेल ने भीषण गर्मी को देखते हुए आम जनता से अपील की है कि हर नागरिक अपने-अपने घरों की छत पर सकोरे रखकर उसमें पानी और दाने का इंतजाम करे, जिससे पक्षियों को राहत मिले और इस अभियान में सहभागी रहें।

## मक्का-मदीना से वतन लौटने पर स्वागत

**खुलासा फर्स्ट...इंदौर**। जुबां पर दुआएं और मक्का-मदीना में उमराह अदा करने की खुशी उनके चेहरे पर बयां हो रही थी। रानीपुरा में यह खुशनुमा नजारा कुरैशी समाज द्वारा उमराह जायरीनों के स्वागत समारोह में देखने को मिला। इस मौके पर उमराह के मुक़द्दस सफर से लौटे समाजसेवी हाजी अंसार एहमद और बेटे फैसल एहमद के उमराह कर वतन लौटने पर संस्था कुरैशी समाज इस्तकबाल किया। इस मौके पर कुरैशी समाज के अध्यक्ष खालिद कुरैशी गोटू भाई, समाज के वरिष्ठ हाजी गम्मू पहलवान काला चीता, यूनुस भाई, मुन्ना बाबा, हारून सैफी, शफीक इक़बाल बाबा, शाहबाज़ आलम कुरैशी, शहजाद आलम रशीद, इदरीस हाजी, शफीक तोड़ा, इमरान तोड़ा, फरीद इदरीस आदि ने स्वागत किया।

## राजवाड़ा, सियागंज सहित चार स्थानों पर जल मंदिर से बुझा रहे प्यास



**खुलासा फर्स्ट...इंदौर**

जल सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है, किसी प्यासे को पानी पिलाना बहुत बड़ा पुण्य का काम है। इस काम को भीषण गर्मी में स्व. केशरबाई अग्रवाल की स्मृति में चेरिटबल ट्रस्ट द्वारा निभाया जा रहा है। संतों की प्रेरणा लेकर जल सेवा का यह अनूठा संकल्प लिया गया है। विगत एक माह से चल रहा जल सेवा का यह कार्य 15 जून तक लगातार किया जाएगा। जल मंदिर से प्रतिदिन हजारों लोगों की प्यास बुझाने के साथ मतदान करने का संदेश भी दिया जा रहा है।

> जल सेवा के साथ मतदान करने का संदेश दे रहे

**15 से अधिक सदस्य कर रहे जल सेवा-** ट्रस्ट के प्रमुख नारायण अग्रवाल ने बताया कि संस्था द्वारा जल सेवा का यह संकल्प साकेतवासी महामंडलेश्वर लक्ष्मणदास महाराज व महंत गंगादास महाराज फलाहारी बाबा की प्रेरणा लेकर लिया गया था। अब पंचकुइया पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर रामगोपालदास महाराज के आशीर्वाद से चल रहा है। नारायण अग्रवाल ने बताया कि प्रतिदिन सुबह 12 से शाम 6 बजे तक राहगीरों को आरओ का ठंडा पानी पिला रहे हैं। 15 से ज्यादा सदस्य जल सेवा कर रहे हैं।

## छात्राओं में मुबारका टॉपर



**खुलासा फर्स्ट...इंदौर**। सोमवार को घोषित हुए आईसीएस बोर्ड के कक्षा 10वीं के परिणाम में मुबारका डॉ. अली हुसैन ने 97% अंक लाकर छात्राओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुबारका लॉरिंस इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा है।

**मीडिया पल्टन ओपन माइक में जोश-उमंग का संगम**

# उम्र को पीछे छोड़ महिलाओं ने दी लाजवाब प्रस्तुति



**खुलासा फर्स्ट...इंदौर**

शौक़ और हुनर का जलवा दिखाने जब महिलाएं ख़ुशी से किलकतीं मंच पर आईं तब न उम्र का रोना, न रूढ़िवादी बंधनों की परवाह रही। अभिनव कला समाज में मीडियापल्टन ओपन माइक फ़ोरम और सदाबहार सिंगर्स फ़ैमिली के 'सुरमई सांझ' में 20 से 80 आयु की महिलाओं ने ग़ज़ब कार्यक्रम पेश किया। हर प्रस्तुति पर तालियों का शोर देर तक गूंजा।

ख़ुशमिज़ाज बुढ़ापा का लोकगीत, प्रजातंत्र के घाट पे मालवी नाटक, मेडली डांस, मलिका ए क़व्वाली, आभूषण से सजे फ़िल्मी गाने, दीवाज ऑफ़ इंदौर टाइटल से रैम्प वॉक, अंत्याक्षरी में चुहलबाजी आदि प्रस्तुति में कहीं ठहाके लगे तो कई बार श्रोता महिलाएं भी थिरक उठीं। प्रसिद्ध गायक सुनील बावनिया ने मतदान के प्रति जागरूकता का संदेश संगीतमय अंदाज में दिया। संचालन नवनीत जैन ने किया। सरस्वती वंदना वाणी जोशी, श्लोक-मंत्र मणिमाला शर्मा ने प्रस्तुत किए। फाउंडर संध्या रायचौधरी ने आभार माना। प्रशांत रायचौधरी, संतोष कुंटे, जीएस अरोरा, वन्दिता श्रीवास्तव, अचला गुप्ता, रश्मि शर्मा, अंजना मिश्रा, अनिल शर्मा, मनीष शुक्ला, शुभी चौहान सहित बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद थे।
















# जयकारों के साथ बाबा केदार धाम के लिए डोली रवाना

**खुलासा फर्स्ट... देहरादून**

प्रसिद्ध 11वें ज्योतिर्लिंग भगवान श्री केदारनाथ की चल विग्रह पंचमुखी डोली ऊं नमः शिवाय के उद्घोष के साथ केदारनाथ धाम के लिए रवाना हो गई। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने पंचमुखी डोली के दर्शन किए। श्री बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने श्री ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ को 10 क्विंटल से अधिक फूलों से सजाया था। सोमवार सुबह पूजा अर्चना के बाद डोली को मंदिर के गर्भ गृह से बाहर सभा मंडप में विराजमान किया गया, जिसमें हक हकूकधारियों की ओर से भगवान की चल उत्सह विग्रह डोली का श्रृंगार किया गया।



इसके बाद मंदिर की तीन परिक्रमा कर डोली ने काशी विश्वनाथ मंदिर की ओर प्रस्थान किया। इस बार 6 मई को फाटा, 7 को गुप्तकाशी और 9 मई को डोली केदारनाथ धाम पहुंचेगी, जबकि 10 मई को भगवान केदारनाथ धाम के कपाट आम श्रद्धालुओं के दर्शनाथ के लिए खोले जाएंगे।

# हेलीकॉप्टर से फूल बरसाकर करेंगे श्रद्धालुओं का स्वागत

## बद्रीनाथ-केदारनाथ चारधाम के कपाट खुलने पर उत्तराखंड सरकार की खास तैयारी

**खुलासा फर्स्ट... देहरादून**

उत्तराखंड के बद्रीनाथ-केदारनाथ चारधामों में कपाट खुलने के अवसर पर हेलीकॉप्टर से फूल बरसाए जाएंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यह घोषणा की। केदारनाथ, यमुनोत्री और गंगोत्री मंदिरों के कपाट 10 मई को खुलने जा रहे हैं, जबकि बदरीनाथ धाम के कपाट 12 को मई खुलेंगे। मुख्यमंत्री ने दिल्ली स्थित उत्तराखंड सदन से बाबा केदारनाथ डोली यात्रा के साथ चलने वाले मुख्य सेवक के भंडारा कार्यक्रम के 300 सेवादारों की टीम को वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह कार्यक्रम देहरादून में मुख्यमंत्री आवास के मुख्य सेवक सदन में किया गया था।

दिल्ली से वर्चुअल रूप से शामिल हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 10 मई से उत्तराखंड की चारधाम यात्रा शुरू होने वाली है। यह राज्य के लिए उत्सव का वातावरण तैयार करती है। चारधाम यात्रा सुगम और सुरक्षित रखने के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। पेयजल, परिवहन, विद्युत, स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन, पुलिस, यातायात, लोक निर्माण आदि विभागों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अहम निर्देश दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री धामी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि 10 मई से पहले पहले सभी तैयारियों को हर हाल में पूरा कर लिया जाए। श्रद्धालु उत्तराखंड से अच्छा संदेश लेकर जाने चाहिए। चारधाम यात्रा किसी व्यक्ति की न होकर पूरे देश की यात्रा है। हर वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या निरन्तर बढ़ रही है। उत्तराखंड यात्रा का मेजबान है और सभी का दायित्व बनता है कि पिछले वर्ष के अनुभवों से सीख लेकर इस बार यात्रा को और बेहतर बनाएं।




## 50 साल बाद फिर से रावल का पट्टाभिषेक



**खुलासा फर्स्ट...टिहरी।** बद्रीनाथ धाम के कपाट 12 मई को खुल रहे हैं। इससे पहले बद्रीनाथ धाम से संबंधित पांच दशक पहले समाप्त हुई रावल पट्टाभिषेक की ऐतिहासिक परंपरा दोबारा शुरु की गई है। सोमवार को टिहरी राजदरबार नरेंद्र नगर में महाराजा मनुजयेंद्र शाह ने बद्रीनाथ धाम के रावल का पट्टाभिषेक किया। इसके साथ ही सोने का कड़ा पहनाया। राज दरबार में रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी को महाराजा मनुजयेंद्र शाह व महारानी माला राज्यलक्ष्मी शाह व बेटी शिरजा शाह ने बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय व उपाध्यक्ष किशोर पंवार की उपस्थिति में अंग वस्त्र भेंट कर सोने का कड़ा पहनाया।

# ट्रांजिट कैंप में 11 भाषाओं में लगे साइन बोर्ड

**खुलासा फर्स्ट... ऋषिकेश**

चारधाम यात्रा में इस बार दक्षिण भारत सहित गैर-हिंदीभाषी यात्री भी साइन बोर्ड की सूचनाएं पढ़ सकेंगे। इसके लिए पर्यटन विभाग ने ट्रांजिट कैंप में 11 भाषाओं में साइन बोर्ड लगा दिए हैं।

जल्द ही एआरटीओ कार्यालय, आईएसबीटी, नटराज चौक सहित अन्य स्थानों पर भी 11 भाषाओं वाले साइन बोर्ड लगाए जाएंगे। चारधाम यात्रा में दक्षिण भारतीय राज्यों से आने वाले यात्रियों के सामने सबसे ज्यादा परेशानी भाषा की आती थी। उन्हें साइन बोर्ड पर सूचनाएं पढ़ने के लिए अपने एजेंट पर ही निर्भर रहना पड़ता था। पिछले साल तत्कालीन जिला पर्यटन अधिकारी ने दक्षिण भारतीय यात्रियों की सुविधा के लिए तमिल, तेलुगू, कन्नड़, मलयालम, मराठी, गुजराती आदि भाषा के साइन बोर्ड बनाने की सलाह अधिकारियों को दी थी।

अब पर्यटन विभाग की ओर से चारधाम यात्रा ट्रांजिट कैंप में 11 भाषाओं में साइन बोर्ड लगा दिए गए हैं। इसके अलावा, अब ऋषिकेश शहर में भी यात्रा संबंधी जानकारियों के बोर्ड सभी 11 भाषाओं के लगाए जाएंगे।

## चार धाम की मंगलमय यात्रा के लिए किया हवन-पूजन

**खुलासा फर्स्ट... देहरादून।** सोमवार को एमडीडीए के अधोईवाला कम्यूनिटी सेंटर में राज्य के चार धाम की निर्विघ्न व मंगलमय यात्रा के लिए विभिन्न धार्मिक संगठनों द्वारा हवन पूजन का आयोजन किया गया। आयोजन में श्री दुर्गा वाहिनी समिति, उत्तराखंड विद्वत सभा, श्री नर्वदेश्वर शिव मंदिर प्रबंध समिति डालनवाला से जुड़े लोगों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में सामूहिक महायज्ञ एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। पूजन कार्यक्रम देश, विदेश से आ रहे चारधाम एवं हेमकुंड साहिब की यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के उत्तम स्वास्थ्य व यात्रा की सफलता के उद्देश्य से किया गया।

# यात्रा मार्ग में लगाए जा रहे संकेतक बोर्ड

**खुलासा फर्स्ट... देहरादून।** यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए यातायात पुलिस चमोली यात्रा मार्ग पर अलग-अलग स्थानों पर साइन बोर्ड, रिफ्लेक्टर बोर्ड लगाने के साथ-साथ दुर्घटना सम्भावित क्षेत्रों की निगरानी और मार्ग संकरा होने की जानकारी के साथ कॉनवेक्स मिरर लगा रही है। पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सुरक्षित यात्रा के लिए सभी कार्य पुलिस कर रही है। यात्रा सम्बंधित सुरक्षित एवं सुगम यात्रा की समीक्षा की जानकारी देते हुए एसपी ने कहा कि सुरक्षित यात्रा के लिए जनपद चमोली पुलिस कटिबद्ध है। यात्रा को सफल बनाने के लिए हर सम्भव प्रयास मे लगे हैं।




## ऑनलाइन पंजीकरण 20 लाख के पार

**खुलासा फर्स्ट... देहरादून।** चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण का आंकड़ा 20.48 लाख पहुंच गया है। जून माह में चारों धामों की यात्रा करने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण उपलब्ध है, जबकि मई माह में ऑनलाइन पंजीकरण फुल हो चुके हैं। पर्यटन विभाग ने 15 अप्रैल से चार धाम यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरू किया था। 20 दिनों में यात्रा के लिए 20.48 लाख श्रद्धालु ऑनलाइन पंजीकरण करा चुके हैं। धामों में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण के लिए संख्या तय की गई। इसके आधार पर मई माह की यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण फुल हो गए।



## दो युवकों के चंबल में डूबने की आशंका, नदी किनारे मिले कपड़े और मोबाइल

**खुलासा फर्स्ट...मंदसौर।** सीतामऊ थाना क्षेत्र के तितरोद गांव में दो युवकों के चंबल में डूबने की आशंका में सर्चिंग अभियान चल रहा है। दोनों युवकों के कपड़े, मोबाइल और जूते किनारे मिलने से डूबने की आशंका है। सूरज उर्फ कालू पिता जगदीश सूर्यवंशी (26) व मनीष पिता अमरपुरी गोस्वामी (25) मजदूरी पर गए थे। एक ड्राइवरी करता है, जबकि दूसरा ट्रॉली भरता है। रविवार सुबह घर से निकले थे। शाम तक नहीं लौटे तो परिजनों ने ढूंढना शुरू किया। देर रात तक नहीं मिले तो थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई। दोनों के मोबाइल कपड़े और जूते नदी किनारे दिखे। आशंका है नहाने के दौरान डूब सकते हैं। एक को तैरना आता था। ग्रामीण व पुलिस सर्चिंग अभियान चला रहे हैं।

### व्यवस्था पर खड़े हो रहे सवाल

# करोड़ों खर्च करने के बाद भी प्यासे ही हैं कई स्कूल और आंगनवाड़ी

**खुलासा फर्स्ट...मंदसौर**

बच्चों के स्कूल पहुंचने से पहले वार्मअप के लिए आंगनवाड़ी केंद्र खोले गए लेकिन हालात ये हैं कि पानी की सुविधा ही स्कूलों और आंगनवाड़ी में नहीं है। हैंडपंप तो कहीं सरकारी या निजी नल से जुगाड़ करना मजबूरी है। 15 अक्टूबर को स्कूलों में हाथ धुलाई दिवस मनता है। जब पीने के पानी का ही जुगाड़ किया जा रहा है तो अंदाजा लगाया जा सकता है हाथ धोने की आदत कैसे डलेगी? सिर्फ एक दिन हाथ धोने की जुगाड़ की जाती है। कुछ समय पहले साढ़े 17 करोड़ रुपए स्कूलों में पानी की व्यवस्था में खर्च किए गए। लेकिन चंबल योजना की तरह यह व्यवस्था भी प्यास नहीं बुझा पाई। पीएचई की करोड़ों रुपए से स्कूलों व आंगनवाड़ियों में की गई पेयजल व्यवस्था एक माह भी नहीं चल पाई। कहीं टाइल्स व शेड उखड़ गए तो कहीं टोटियां ही नहीं। कहीं मोटरें बंद हैं तो कहीं कनेक्शन व टंकी नहीं है। बच्चे साथ लाई बोतलों के भरोसे हैं। शिक्षक भी हताश हैं।

**यह किया करोड़ों रुपए खर्च कर...** 1167 स्कूलों व आंगनवाड़ियों में पेयजल व्यवस्था के नाम पर 17 करोड़ 62 लाख रुपए खर्च किए गए। कोरोनाकाल में शुरू कार्य को विभाग ने पिछले सत्र के पूर्व ही पूरा किया। इसमें नलकूप पर सिंगल फेज सबमर्सिबल पंप, प्याऊ 3/6 टेप कनेक्शन कार्य मय शेड, एचडीपीई टंकी 500 या 1000 लीटर क्षमता, किचन में पेयजल व्यवस्था, मिनी पंप हाउस, मोटरपंप और केबल रस्सी सहित अन्य कार्य होना था। अधिकतर स्कूलों में स्थिति कुछ और ही है।

**कहीं कुएं तो कहीं हैंडपंप के भरोसे...** जिले के प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में स्वच्छ पानी विद्यार्थियों को नहीं मिल रहा है। यह हम नहीं विभाग के आंकड़े बंया कर रहे हैं। जिला मुख्यालय सहित जिले के कई प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में जुगाड़ से पानी की व्यवस्था की जा रही है। कहीं कुएं से तो कहीं हेडपंप से तो कहीं होद से पानी पिलाया जा रहा है, जो स्वच्छ नहीं है। डॉक्टरों की माने तो गंभीर बीमारियां हो सकती है। अपवाद छोड़ दें तो कहीं भी विद्यार्थियों के पानी बर्तन में ना फिटकरी डाली जा रही है और ना ही क्लोरीन की गोलियां।

चिकित्सकों के मुताबिक कुएं और हैंडपंप का पानी बगैर स्वच्छ किए न पीएं। गंदे पानी से डायरिया, उल्टी, पीलिया, टाइफाइड जैसी खतरनाक बीमारी हो सकती हैं। पानी को फिटकरी, क्लोरीन की गोली या आरओ से स्वच्छ करें।

## टूटने की कगार पर है शराब प्रेमियों का सब्र, आबकारी विभाग का अटूट मौन शंका के घेरे में

**खुलासा फर्स्ट...देवास**

जिले में शराब खुदरा मूल्य से अधिक पर बेचने का कारोबार बदस्तूर जारी है। ठेकेदार खुलेआम इस कार्य को अंजाम दे रहे हैं। धोखाधड़ी का खेल आबकारी विभाग दफ्तर में कूलर और पंखे की हवा में आराम से देख रहा है। उसका मौन शंका के घेरे में है। दूसरी ओर शराबप्रेमियों का सब्र टूटने की कगार पर है।

शादी के मौसम में शराब का ज्यादा सेवन होता है। इसका फायदा ठेकेदार बखूबी उठा रहे हैं। ग्राहकों से सीधे ठगी कर रहे हैं परंतु पुलिस और आबकारी के जिम्मेदार अंकुश लगाने की बजाय मौन धारण कर बैठे हैं। मुख्यमंत्री के निर्देशों का पालन नहीं करवा रहे।

### 'लिफाफा' पद्धति दे रही इसे बढ़ावा

सूत्रों के अनुसार ठेकेदारों द्वारा अधिकारियों को मोटा लिफाफा प्रति माह दिया जाता है। समय रहते ओवर रेटिंग नहीं रोकी तो शराबप्रेमियों के सब्र का बांध टूट सकता है।

### लग रहा जाम

दुकानों पर शाम होते ही शराब प्रेमियों की भीड़ लग जाती है। वे शराब खरीदकर वहीं पीते हैं। ऐसे में सड़क पर जाम लग जाता है और यहां से निकलने वाली महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जल्द इसे नहीं रोका तो बड़ी दुर्घटना के अंदेशे से इनकार नहीं किया जा सकता।

### पवित्र नगरी की पवित्रता पर लग रही कालिख

# नर्मदा की स्वच्छता पर नहीं ध्यान, राम घाट बना धोबी घाट

**खुलासा फर्स्ट...मंडलेश्वर**

शासन द्वारा मंडलेश्वर नगर को पवित्र नगरी घोषित किया गया है परंतु पवित्रता को मैली करने में नागरिक कसर नहीं छोड़ रहे। नगर को जीवनदायिनी नर्मदा का स्वच्छ आंचल प्राप्त है जो भीषण गर्मी में सुबह शाम स्नान की सुकून भरी राहत देता है। जग जाहिर है नर्मदा का जल अत्यंत शुद्ध है और इसकी शुद्धता को बनाए रखना प्रत्येक नागरिक का फर्ज है। नागरिक फर्ज से बईमानी कर रहे हैं।

मुख्य राम घाट महिलाएं कपड़े धोती हैं। सर्फ और साबुन का उपयोग भी कर रही हैं।



नर्मदा समग्र से जुड़े पवन तंवर ने बताया इससे नदी प्रदूषित हो रही है जबकि भीषण गर्मी में नगरवासी राम घाट पर नर्मदा स्नान का आनंद लेते है।

▪ **नर्मदा समग्र चला रहा स्वच्छता अभियान...** संस्था नर्मदा समग्र एवं नर्मदा आरती मंडल के सदस्य पवन तंवर ने बताया संस्था नर्मदा समग्र ने कुछ वर्ष पूर्व नर्मदा सफाई का अभियान शुरू किया था। तब कुछ हद तक सफलता प्राप्त हुई थी। आज भी नर्मदा समग्र कार्य कर रहा है।

▪ **सोमवार को लगाया सूचना बोर्ड...** पवन तंवर ने बताया नगर परिषद ने इस संदर्भ में पूर्व में एक बोर्ड घाट पर लगाया था, जो कई माह से गिरा पड़ा था। सोमवार को नर्मदा समग्र ने उस बोर्ड को वापस खड़ा किया है।

### होगी कार्रवाई

राम घाट पर सर्फ-साबुन से कपड़े न धोने एवं साबुन से स्नान न करने संबंधी बोर्ड लगा है। परिषद की टीम को कार्रवाई करने के आदेश जारी करता हूं। अब यदि कोई सर्फ-साबुन से कपड़े धोते या स्नान करते करते पाया जाएगा है तो दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। मुनादी करवाई जाएगी।

- **शिवजी आर्य,** सीएमओ, नगर परिषद

## भाजपा ने झोंकी पूरी ताकत

# पीएम मोदी सभा से भरेंगे जोश, बढ़ेगा चुनावी पारा

**खुलासा फर्स्ट...धार**

लोकसभा के चौथे चरण में धार संसदीय सीट पर वोट पड़ेंगे। इसे लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज आ रहे हैं। पीजी कॉलेज में सभा को संबोधित करेंगे। सभा के साथ राजनीतिक पारा भी चढ़ेगा। भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। पुलिस व प्रशासनिक तंत्र व्यवस्था का हिस्सा बना है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा एसपीजी के पास है। जबकि, मार्ग व कार्यक्रम स्थल पर पुलिसकर्मियों की तैनाती होगी। पिछले चुनाव में भी पीएम ने पीजी कॉलेज मैदान पर ही सभा को संबोधित किया था।

इसके बाद परिणाम भाजपा के पक्ष में रहे। इस बार भी पार्टी इसी फार्मूले पर काम कर रही है। कुश्ती में एक पहलवान दूसरे पहलवान को मात देता है ठीक वैसे ही भाजपा पीएम की सभा कराकर विरोधी पार्टी कांग्रेस को मात देना चाहती है। सूत्रों की मानें तो मोदी की सभा को लेकर धार्मिक शास्त्रों के साथ वास्तु पर भी फोकस किया गया है। इसी हिसाब से तैयारी है। राहुल गांधी की सभा भी हो सकती है। मोदी की जनसभा में मंच पर 40 नेता मौजूद रहेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार, पूर्व केंद्रीय मंत्री विक्रम वर्मा, सांसद छतरसिंह दरबार, निर्मला भूरिया, नागरसिंह चौहान, विधायक नीना वर्मा, उषा ठाकुर और कालू सिंह ठाकुर, तीन जिलों के अध्यक्ष मनोज सोमानी, चिंटू वर्मा, भानु भूरिया, नंदकिशोर पाटीदार , प्रभु राठौड़, श्याम बंसल के अलावा धार- महू, रतलाम-झाबुआ प्रत्याशी सावित्री ठाकुर व अनिता चौहान मौजूद रहेंगी। पीएम दोपहर सवा 12 बजे आएंगे। 40 मिनट का कार्यक्रम है। पहले खरगोन जाएंगे। वहां सभा के बाद धार आएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करीब 11-15 बजे तक आ जाएंगे।




**2 एडीजी, 1 आईजी, 2 डीआईजी, 8 एसपी, 5 एएसपी, 31 डीएसपी, 55 टीआई तैनात**

**250 सब इंस्पेक्टर के साथ 1500 पुलिस अधिकारी**

**350 अधिकारी-कर्मचारी रहेंगे हेलीपैड और सभा स्थल पर।**

**60 पुलिसकर्मी संभालेंगे कारकेड व्यवस्था।**

**600 अधिकारी-कर्मचारी रहेंगे कार्यक्रम स्थल पर तैनात।**

**तीसरी बार आ रहे मोदी...** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीसरा दौरा है। 2003 में भोजशाला आंदोलन के वक्त गुजरात के सीएम रहते हुए आए थे और भोजशाला भी पहुंचे थे। 2019 में सभा ली थी। आज 7 मई को तीसरी बार आ रहे हैं। गर्मी को देखते हु तीन डोम बनाए हैं। करीब 60 हजार कुर्सियों पर जनता बैठेगी।

**मंच पर वास्तु का गणित...** डोम में पश्चिम दिशा में मंच बनाया गया है। सामने कार्यकर्ताओं की बैठक व्यवस्था रहेगी। मोदी व नेता पूर्व की ओर मुंह कर संबोधित करेंगे। वास्तु के हिसाब से पूर्व दिशा में कोई भी कार्य शुभ होता है।

**गर्मी से बचाव के लिए फव्वारे...** जनता के लिए हर सुविधा उपलब्ध है। 20 सेक्टर बनाए गए हैं। प्रत्येक सेक्टर में लोगों को भीषण गर्मी से बचने के लिए दो-दो स्प्रिंकलर वाटर यूनिट लगाई गई हैं। इसके माध्यम से लगातार पानी का फव्वारा चलता रहेगा। मौसम का असर नहीं होगा। प्रत्येक सेक्टर में पीने की पानी की भी उपलब्धता है। प्रधानमंत्री मोदी सभा स्थल पर पहुंचेंगे तब दोपहर का वक्त रहेगा और भीषण गर्मी का दौर चलेगा। ऐसे में बीजेपी द्वारा अतिरिक्त इंतजाम किए गए हैं। पार्किंग व अन्य स्थानों पर भी पीने के पानी का इंतजाम है।

# राजपूत धर्मशाला के लिए मिला दान

## महाराणा प्रताप जयंती को लेकर क्षत्रिय समाज ने आयोजित की बैठक



**खुलासा फर्स्ट...मंडलेश्वर।** राजपूत समाज के आगामी सामाजिक कार्यक्रमों को लेकर एक बैठक स्थानीय क्षत्रिय राजपूत समाज धर्मशाला में रखी गई। जिसमें समाज के वरिष्ठ एवं युवाओं ने हिस्सा लिया। 9 मई को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर चर्चा की गई। जयंती स्थानीय स्तर पर मनेगी। अर्जुनसिंह पटेल ने बताया धर्मशाला के निर्माण को आगे बढ़ाने के लिए राजपूत समाज के संरक्षक, मार्गदर्शक डॉ. त्रिभुवनसिंह तंवर ने एक लाख 111 एवं राजपूत समाज के युवा कार्यकारिणी अध्यक्ष त्रिभुवनसिंह तोमर ने एक लाख 11 रुपए समाज के अध्यक्ष राधेश्याम सिसोदिया को भेंट किए। संरक्षक डॉ. तंवर ने कहा कि आज के समाज की युवा पीढ़ी ही समाज का आने वाला भविष्य है। समाज के अध्यक्ष राधेश्याम सिसोदिया ने मंडलेश्वर नगर पत्रकार संघ सचिव बनने पर दीपकसिंह तोमर का सम्मान किया। संचालन राजेंद्रसिंह पटेल ने किया। सुरेश मंडलोई, मोहन पटेल, जितेंद्र पटेल, महेश पटेल, गजराज पटेल, गणेश पटेल, जितेंद्र चौहान, हरिराम चौहान, तरुण पटेल, गोविंद सहित समाजबंधु मौजूद थे।

## हिन्दू जागरण मंच में प्रभार सौंपे

**खुलासा फर्स्ट...करही।** जिला संयोजक नीलेश वर्मा की अनुमति, खंड संयोजक करण सोनी एवं सह संयोजक नितिन शर्मा की सहमति से करही नगर की हिंदू जागरण मंच कार्यसमिति की घोषणा नगर संयोजक दीपक वर्मा टाइगर ने की। महेंद्र शर्मा, राजेंद्र मकवाने, दीपक बर्मन, तनय नायक, दीपक राठौड़, अक्षय खत्री, गोलू सोनी को प्रभार दिए गए हैं।

## गर्मी में बढ़ रहे अग्निकांड

# हाथीपावा पहाड़ी, दो गांवों में आग : पांच मकान चपेट में

**खुलासा फर्स्ट...झाबुआ**



हाथीपावा पहाड़ी की सूखी घास में रविवार रात फिर आग लग गई। कुछ दिन पहले भी बड़ी घटना हुई थी। नगरपालिका के दो फायर फाइटर ने काबू किया। दो अन्य घटनाएं भी हुईं। वगई बड़ी में एक साथ 5 कच्चे मकान आग की चपेट में आ गए। रामा ब्लॉक के पानकी गांव में आग से कच्चा मकान पूरी तरह जल गया।

हाथीपावा पर घास के साथ पेड़, पौधों को भी नुकसान हुआ है। प्राप्त जानकारी अनुसार रविवार रात हाथीपावा के एक हिस्से में आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को प्राप्त हुई, जिस पर नपा फायर वाहन चालक बाबू बसोड़ के साथ अमले में कमलेश मंडोर, बाबू खपेड़, दिनेश सिंगार, गुलाबसिंह गुंडिया, उमेश मेड़ा ने पहुंचकर आग बुझाई।

वगई बड़ी में कांतिलाल पिता दुल्लू भूरिया के मकान में अज्ञात कारण से आग लगी। झाबुआ और राणापुर से दमकल पहुंची और काबू पाया। कांतिलाल का मकान और इसमें रखे अनाज, बर्तन, कपड़े, नकद जल गए। पास ही रूपसिंह पिता दल्लू भूरिया, विकास पिता राकेश भूरिया, भारत भूरिया, कसरा पिता पीदिया भूरिया के मकान भी आग की चपेट में आने से कवेलू आदि जल गए। पटवारी ने पंचनामा बनाया है। तीसरी घटना में पानकी में मड़िया पिता धूमसिंह मेड़ा का कच्चा मकान आग से पूरी तरह से जल गया। इसमें अनाज, गेहूं का भूसा आदि भी जल गया।


24 घंटे 365 दिन
खुलासा फर्स्ट
पक्का इंदौरी अखबार
मध्य प्रदेश के सभी तहसील और जिलों में संवाददाता नियुक्त करना है
निडर होकर समाज में फैली बुराई का 'खुलासा करने का जिसमें जज्बा हो' साथ ही आर्थिक रूप से भी सक्षम हो, सिर्फ वही संपर्क करें।
90095 44445, 98268 25116
समय: दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक
KHULASA FIRST PVT. LTD.
Division Office 3, Shopping Complex, AB road, Indore 452008, Madhya Pradesh, ☎ 0731-4046789

खुलासा फर्स्ट Exclusive

# उज्जैन लोकसभा क्षेत्र में भाजपाई बने कांग्रेसी..!

## भाजपा प्रत्याशी फिरोजिया से दगा, परमार को इसीलिए भाजपा पर वार से ऐतराज



शरद गुप्ता
96177-77331
खुलासा फर्स्ट उज्जैन

खबर पढ़ने से पहले आपको भाजपा और कांग्रेस खेमे से कुछ देर के लिए पृथक होना होगा क्योंकि हम जो राज बताने जा रहे हैं, वो दोनों दलों के समर्पित कार्यकर्ताओं को नागवार गुजरेगा। शाश्वत सत्य ये कि उज्जैन-आलोट संसदीय सीट पर भाजपा का सामना भाजपा से है। कांग्रेस प्रत्याशी यहां मुकाबले में नजर तो आते हैं, मगर इनके पक्ष में भाजपाई ज्यादा माहौल बना रहे हैं। हालांकि, भाजपा मजबूत है।

हार की गुंजाइश फिलहाल तो नहीं है लेकिन भाजपा के एक अलंबरदार की शह पर फिरोजिया के पर कतरे जाने की पुरजोर कोशिश हो रही है। स्वयं के पक्ष में विरोधियों का जाजम देख कांग्रेस प्रत्याशी महेश गदगद हैं। ऐसे में वे विरोध की भाषा भूल गए हैं। परमार भूल गए हैं जिले में रेत-गिट्टी-मुरम की खदानें भी हैं। जिले में सैंकड़ों शराब दुकानें भी हैं, जहां भाजपा के उसी अलमदार की शह पर कारोबार नहीं, कालाबाजारी की जा रही है। इस धंधे के पुराने धंधेबाजों को पिस्तौल, बंदूक, रासुका, जिलाबदर जैसे भारी शब्दों का जिक्र कर घर बैठाया जा रहा है। शराब के मनमाने दाम (प्रिंट रेट से 20% ज्यादा) वसूल कर दुकान में ही पिलाई जा रही है। नदी में नाव डालकर रेत उलीची जा रही है।



### यहां गनीमत है

सुखद है नागदा-खाचरौद, बड़नगर, आलोट में श्रीराम का जोर है लेकिन यहां भी अंतिम समय में भाजपा के नवोदित अलंबरदार साम-दाम-दंड-भेद की राजनीति में सफल हुए तो रामभक्त को केवट की नाव पांच साल के लिए शिप्रा किनारे इंतजार भी करा सकती है! कांग्रेसी इस पर इतरा सकते हैं कि कमलनाथ के महेश नाम के प्यादे की भाजपा ने सबसे ज्यादा कीमत लगाई थी मगर तब महेश का ईमान नहीं डिगा था। इसी इनाम में मौका मिला और संयोग से भाजपा का साथ, संसर्ग और सहयोग भी। खैर, हमें क्या..., जी किया सच बोलें तो तो बोल दिया।

दोनों ही कृत्य नियम और कानून की कसौटी के विपरीत हैं, पर धर्म के इमामदस्ते में पिसी भांग का सुरूर इस कदर असर कर रहा है कि चुनाव में वाचाल रहने वाले कार्यकर्ताओं के लबों पर मानों ताला-सा जड़ गया है। महेश हों या अनिल, इनके भाषणों से स्थानीय मुद्दे गायब हैं। महेश की जुबान से बेरोजगारी, महंगाई, गाय व उद्योग के मजदूर गायब हैं। अनिल के भाषणों से नागदा जिला गायब, सिंहस्थ क्षेत्र में अतिक्रमण, इंडस्ट्रियल क्षेत्र का विस्तार। इसके उलट 18 साल से प्रदेश में काबिज भाजपा के खिलाफ कहने को परमार के पास इतना कुछ है, बावजूद शिप्रा में डुबकी लगाने के सिवा कुछ नहीं कर पाए। वे ऐसा मुद्दा उठाते हैं, जो सर्वव्यापी है।

हर नदी प्रदूषित है, कोई सरकार चाह कर भी नदियों को दूषित होने से रोक नहीं सकती, क्योंकि ये हर नागरिक की जिम्मेदारी है। जब तक सब जिम्मेदारी नहीं निभाएंगे, आस्था के धामों में गंदगी का अंबार लगा रहेगा। फिरोजिया कहने को रामजी की पार्टी से हैं, इसलिए जीत जाने का भरोसा भी है लेकिन राजनीति की चौसर पर उनकी जीत का अंतर कम करने का पूरा बंदोबस्त उन्हीं की पार्टी कर चुकर है। तराना, घट्टिया, महिदपुर से तो फिरोजिया पिछड़ ही रहे हैं, उज्जैन शहर भी उनके खिलाफ दिखाई पड़ रहा है।

# गैस चालू करते ही भभकी आग किचन का सारा सामान जला

## गली संकरी होने से दमकल नहीं आ सकी, सोफे का गीला कवर ड़ालकर आग बुझाई



**खुलासा फर्स्ट...नागदा**

कोटा फाटक क्षेत्र में सोमवार को बड़ा हादसा टल गया। शाम करीब 5.30 बजे एक मकान के किचन में दूध गर्म करने के दौरान गैस लाइन से अचानक आग भभक गई। किचन का सामान जल गया। लोगों की सूझबूझ से समय रहते काबू पा लिया गया।

हादसा कोटा फाटक क्षेत्र के मिश्रीलाल जायसवाल के मकान में हुआ। परिवार के संतोष जायसवाल व पार्थ जायसवाल मौजूद थे। संतोषबाई ने बताया दूध गर्म करने के लिए जैसे ही गैस चालू की अचानक आग भभक गई। जिससे वे घबरा गईं। गुजरात गैस कंपनी का कनेक्शन है। लाइन डलने, कनेक्शन लाइन देने सहित अन्य काम पूरा होने के बाद रविवार को ही कनेक्शन शुरू किया था। संभवतः कनेक्शन देने के बाद वॉल्व चालू छोड़ दिया गया। परिवार का कहना है गैस कंपनी के कर्मचारियों से गैस का वॉल्व थोड़ा नीचे लगाने को कहा था, फिर भी उन्होंने इतना ऊपर लगा दिया कि हाथ पहुंचना मुश्किल है। नतीजा आग भभकने के बाद भी वॉल्व बंद नहीं कर पाए। सूचना पर गुजरात गैस कंपनी की मैंटेनेंस टीम पहुंच गई थी, मगर उसने इसे छोटी-मोटी घटना करार देने की कोशिश की। आग लगते ही परिवार हड़बड़ा गया। आवाज सुन पड़ोसी तत्काल हरकत में आ गए। दमकल और पुलिस को सूचना दी गई, लेकिन गली संकरी होने व तिराहा पर पोल से वाहन अंदर नहीं आ सका। तब लोगों ने सूझबूझ दिखाकर सोफे का कवर गीला कर आग पर डाला।

# खदान में नहाने उतरा युवक डूबा, जन्मदिन पार्टी में हादसा

**खुलासा फर्स्ट...उज्जैन।** दोस्तों के साथ जन्मदिन मनाने गया एक युवक खदान में डूब गया। पुलिस ने रेस्क्यू टीम की मदद से देर रात शव बरामद कर जिला अस्पताल पहुंचाया। रविवार दोपहर दमदमा क्षेत्र का कमलेश पिता संतोष मालवीय (23) दोस्तों के साथ मक्सी रोड श्री सिंथेटिक्स के समीप पार्टी मनाने गया था। यहां पर खदान की डबरी में नहाने के दौरान पैर फिसलने से गहरे पानी में चला गया। दोस्तों ने सूचना परिजनों व नागझीरी पुलिस को दी। रात को पुलिस ने रेस्क्यू टीम की मदद से निकाला। मृतक के बड़े भाई दुर्गेश मालवीय ने बताया खदान की डबरी में सभी दोस्त नहा रहे थे। इसी दौरान कमलेश का पैर फिसल गया। उसे तैरना नहीं आता था। कमलेश के माता-पिता मजदूरी करते हैं। कमलेश 10वीं तक पढ़ाई के बाद जॉब कर रहा था। दुर्घटना से दमदमा क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई।

# नव मतदाताओं को वोट के लिए प्रोत्साहित किया

**खुलासा फर्स्ट...नागदा**

भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर भाजयुमो ने मंडल स्तर पर नागदा में भी युवा सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में नव मतदाता व कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान वरिष्ठ नेताओं ने अपनी बात रखते हुए चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष सीएम अतुल ने की। अतिथि परिचय युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष रुपम ठाकुर ने दिया। मुख्य वक्ता प्रदेश कोषाध्यक्ष जयंत राव थे। कार्यक्रम को पूर्व विधायक लालसिंह राणावत ने भी संबोधित किया। संचालन राहुल प्रजापत ने किया। आभार लोकेश माली ने माना।

## पंचक्रोशी महाप्रसाद भोजन सेवा के लिए मिला सम्मान


# उज्जैनी सेवा समिति का नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में

**खुलासा फर्स्ट...उज्जैन**

उज्जैनी सेवा समिति की पंचक्रोशी महाप्रसाद भोजन सेवा को इस वर्ष के गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया गया है।

समिति 02 मई से पचास हजार से अधिक पंचक्रोशी यात्रियों की भोजन सेवा हर पड़ाव एवं उप पड़ाव पर 24 घंटे क रही है। यह सूचना गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के मप्र प्रमुख एडवोकेट डॉ. राजेंद्र दुबे ने मंगलवार प्रातः तक निरंतर चल रही भोजन सेवा की जानकारी प्राप्त करने पर दी। जल्द ही इस संबंध में कुछ डॉक्यूमेंटेशन एवम वीडियो फोटो के सबमिशन के बाद उक्त सर्टिफिकेट समिति को विधिवत कार्यक्रम में आमंत्रित कर प्रदान किया जाएगा।

राजेंद्र दुबे के अनुसार उनकी जानकारी में पहली बार आया है कि 40 डिग्री से अधिक की भीषण गर्मी में सिर पर पोटली में 6 दिन की दिनचर्या के सामान का वजन ले चलने वाले 50 हजार से अधिक पंचक्रोशी यात्रियों को उज्जैनी सेवा समिति 2019 से हर पड़ाव पर तैयार भोजन सामग्री रोटी,लौंजी, मीठा, गुरुजी ठंडाई एवम गर्मी को देखते हुए प्याज छह दिन परोसती है।




इस वर्ष सेवा की शुरुआत संभागायुक्त संजय गुप्ता ने भट्टी पूजन से की थी। भोजन महाप्रसाद सेवा का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बाबा महाकाल को माल्यार्पण एवं भोग समर्पित कर किया था। युवराज स्वामी डॉ. माधव प्रपन्नाचार्य रामानुज कोट, संत उमेशनाथ राज्यसभा सदस्य व उद्योगपति राधेश्याम शर्मा गुरुजी शामिल हो चुके हैं। अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष ओम अग्रवाल, उपाध्यक्ष सीपी हिंगड़, सचिव मुरली तोतला, कोषाध्यक्ष नोतन चेतनानी द्वारा किया गया।

4 मई को समिति के करोहन सेवा केंद्र का शुभारंभ स्वामी पुष्पानंदगिरि शंकराचार्य मठ उज्जैन ने महाकाल को पूजा किया था। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड द्वारा देखा गया देश में संभवतः यह सेवा है जिसमे निरंतर 6 दिनों तक कोई संस्था 50 हजार। से अधिक पंचक्रोशी यात्रियों 40 डिग्री से अधिक भीषण गर्मी में भोजन महाप्रसाद बना कर 118 किलोमीटर आगे-पीछे चलती है और हर पड़ाव और उप पड़ाव पर निःशुल्क निर्बाध 24 घंटे परोसगारी करती है।

उज्जैन में लगभग 200 समाजसेवा संस्थाएं और आम नागरिक इनकी सेवा में पलक पावड़े बिछा देते है। लोग अपने घर खोल इन्हे अंदर आकर विश्राम व छाछ पीने का आग्रह करते है। यही बाबा महाकाल की नगरी उज्जैनी की मूल सेवा भावना है। उक्त जानकारी उज्जयनी सेवा समिति के संयोजक घनश्याम पटेल एवम अध्यक्ष ओम अग्रवाल ने दी ।

### इंडो-नेपाल इंटरनेशनल चैंपियनशिप में नाम किया रोशन

# तीरंदाजी में इंदौर के खिलाड़ियों ने हासिल किए 12 स्वर्ण पदक

**खुलासा फर्स्ट...इंदौर**

छठे यूथ गेम्स काउंसिल ऑफ इंडिया एवं यूथ गेम्स डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया के तहत हाल ही में नेपाल में हुई इंडो-नेपाल इंटरनेशनल चैंपियनशिप में इंदौर के बच्चों ने एक बार फिर देश एवं शहर का नाम रोशन किया है। इंदौर की राज आर्चरी एकेडमी की अध्यक्ष शर्मिला भालसे ने बताया कि हमारे चार तीरंदाजों ने अलग-अलग वर्ग में खेलते हुए देश को कुल 12 स्वर्ण पदक एवं दौड़ में एक स्वर्ण पदक दिलाया है और शहर और देश का नाम रोशन किया है।

नेपाल में खेली गई इंटरनेशनल चैंपियनशिप में खेली गई तीन प्रतियोगिताओं में राज आर्चरी एकेडमी के चार तीरंदाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। चिरंजीव डामोर ने अंडर 9 कंपाउंड में खेलते हुए 160 में से 159 अंक पाकर स्वर्ण पदक हासिल किया। चिरंजीव ने पहले भी इसी साल जनवरी में ह्यू इंटरनेशनल चैंपियनशिप में जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता था। इस तरह उन्होंने तीन महीने में छह स्वर्ण पदक प्राप्त किए। अंडर 14 रिकर्व राउंड में शिवेंद्र डामोर ने भी 3 इवेंट खेलते हुए 3 गोल्ड मेडल पर निशाना साधा। खनन विभाग में टीआई के रूप में कार्यरत चिरंजीव और शिवेंद्र के पिता चैन सिंह डामोर ने अपने बिजी शेड्यूल से समय निकालकर अपने बच्चों पर ध्यान दिया और उनका हौसला बढ़ाया।



### श्रेष्ठ यादव ने भी किया बेहतर प्रदर्शन

प्रतिस्पर्धा में अंडर 14 कंपाउंड में खेलते हुए श्रेष्ठ यादव ने भी बेहतर प्रदर्शन किया और 3 इवेंट्स में 160 में 159 प्वाइंट लेकर तीन स्वर्ण पदक हासिल किया। बच्चे के पिता चंद्रेश यादव ने ऑटो पार्ट्स की दुकान पर सेवा देते हुए भी अपने बच्चे का साथ दिया। हर दिन समय निकालकर अपने बेटे के लिए खेल मैदान में आए और उसे प्रोत्साहित किया। सामान्य सी नौकरी करते हुए भी उन्होंने अपने बच्चे की हर जरूरत पूरी की और यह दिखाया कि खिलाड़ी को मुकाम पर पहुंचाने के लिए उनके माता-पिता का बड़ा योगदान होता है।

### 6-8 महीने की कड़ी मेहनत से हासिल किए मेडल

अंडर 19 रिकर्व राउंड में खेलते हुए राज आर्चरी एकेडमी के समीर यादव ने 3 इवेंट में 160 में से 150 अंक हासिल कर 3 स्वर्ण पदक जीते। इनके माता-पिता दोनों पुलिस सेवा में होने के कारण उन्हें अभिवावकों से ज्यादा समय नहीं मिल पाया, लेकिन उनके कोच सर (मनोज राजपूत) ने कभी उन्हें अकेला महसूस में नहीं होने दिया। माता-पिता ने भी हर संभव कोशिश कर बच्चे की मदद की। समीर छठी कक्षा से तीरंदाजी सीखना चाहते थे और उनके पिता भी यही चाहते थे। बहुत खोजने के बाद जब उन्हें इंदौर राज आर्चरी एकेडमी के बारे में पता चला और सिर्फ 6-8 महीने की कड़ी मेहनत से समीर ने पदक हासिल किया।

### राजकुमार का पहला अंतरराष्ट्रीय पदक

भारतीय सेना में जाने की तैयारी कर रहे राज आर्चरी एकेडमी के एक और छात्र राजकुमार ओसारी ने भी इंडो-नेपाल अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में 5000 मीटर 5 किमी में हिस्सा लेते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया, जो राजकुमार का पहला अंतरराष्ट्रीय पदक है। राजकुमार के पिता रामकरण ओसारी नर्मदा प्रोजेक्ट में काम करते हैं। राजकुमार घर से दूर होस्टल में रहकर न सिर्फ भारतीय सेना में जाने के लिए पसीना बहा रहे हैं, बल्कि अपना खर्च चलाने के लिए नौकरी भी करते हैं। सुबह 3 बजे उठकर वे कड़ी प्रैक्टिस करते हैं और एक मिसाल कायम कर रहे हैं।

# मावा भाव घट कर 300 रुपए

**खुलासा फर्स्ट...इंदौर**

आज के खुलते भाव इस प्रकार रहे - तेल बाजार (प्रति 10 किलो) - मूंगफली तेल इंदौर 1490 - 1500 मुबंई 1495 - 1500 गुजरात 1450 - 1455 सोया रिफाइंड तेल इंदौर 900 - 905 सोया सॉल्वेंट 860 - 865 मुंबई सोया रिफाइंड तेल 903 - 905 सोया डीगम (बिना टैक्स) 810 - 812 इंदौर पाम ऑइल 950 - 951 मुंबई पाम ऑइल 886 - 888 गुजरात कपास्या तेल 910 - 915 रुपए। राजकोट तेलिया मूगंफली तेल 2320 - 2330 रुपए प्रति 15 किलो पैक।

छावनी व्यापारिक मंडी - (रुपए क्विंटल) चना कांटा 6350 - 6400 विशाल चना 6100 - 6150 डंकी चना 5600 - 5800 मसूर 5940 - 5950 मूंग एवरेज 7000 - 7700 मूंग ( गर्मी का) 8200 - 8300 उड़द बेस्ट - 8800 - 9200 एवरेज मीडियम उड़द 7000 - 8000 हल्की 3000 - 5000 तुअर निमाड़ी 9800 - 11200 रुपए। तिलहन - सोयाबीन 4540 - 4550 सरसों निमाड़ी बारीक 5650 - 5800 एवरेज बारीक 5200 - 5500 रायडा 4600 - 4700 रुपए क्विंटल।

दाल भाव (प्रति क्विंटल) - तुअर दाल फूल 16000 - 16100 तुअर दाल सवा नंबर 15600 - 15700 चना दाल 7800 - 8100 एक्स्ट्रा बोल्ड 8600 मसूर दाल 7500 - 7550 मूंग दाल 10100 - 10200 मूंग मोगर 10400 - 10500 उड़द दाल 13300 - 13400 उड़द मोगर 13500 - 14000 रुपए।

चावल भाव (प्रति क्विंटल) - कोहिनूर बासमती वंड 14500 - 14600 तिबार 12100 - 12200 मिनी दुबार बासमती (921)10100 - 10300 बासमती सैला (क्वालिटीनुसार) 6600 - 9200 रुपए।

सियागंज थोक किराना बाजार - सूखे मेवे (प्रति किलो) - काजू ( सभी वैरायटी) 590 - 700 काजू टुकड़ी 550 - 560 बादाम (देसी - आयातित) 650 - 775 किशमिश कंधारी 525 - 550 बेस्ट 560 - 670 रुपए किलो। मावा - 300 रुपए किलो।

**इंदौर सराफा बाजार**

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 70800 रुपए 10 ग्राम | 80900 रुपए किलो |

चांदी सिक्का 900 रुपए नग

सोना 2324 डॉलर प्रति औंस

चांदी 2728 सेंट प्रति औंस

**शेयर बाजार**

बीएसई सेंसेक्स 73,913 (+17)

एनएसई 22,460 (+17)

24 घंटे 365 दिन खुलासा फर्स्ट पक्का इंदौरी अखबार CLASSIFIED
ऑनलाइन बुक करें:- 88189-56789







### 'दुर्ग दौलत' का पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन

# चार सौ साल पुराने किले आज भी हैं मजबूत : सुधांशु नाईक

**खुलासा फर्स्ट...इंदौर।** महाराष्ट्र साहित्य सभा के 62वें शरदोत्सव में सोमवार को पुणे के सुधांशु नाईक ने 'गंगाधर माधव चाफेकर' स्मृति व्याखान दुर्ग दौलत' दिया। इसमें स्लाइड शो (पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन) से किलों के इतिहास व भूगोल का सजीव चित्रण किया।

बताया करीब 400 वर्ष पूर्व निर्मित किले आज भी मजबूत हैं। उनका वास्तु कौशल आकर्षित करता है। नाईक ने किलों की संपूर्ण जानकारी में बताया वहां का भ्रमण कर क्या-क्या देखा जा सकताप है, गुप्त रास्ते, तोपखाना, अस्तबल, मुख्य द्वार आदि का रोचक वर्णन किया। महाराष्ट्र के प्रसिद्ध दुर्गों रायगढ़ , सिंधुदुर्ग, तोरण किला, रायगढ़, विजय दुर्ग के साथ ही कई ऐतिहासिक किलों की नयनाभिराम जानकारी से श्रोतागण अभिभूत हो गए। शुभारंभ अण्णा



महाराज, न्यायमूर्ति सुभाष संवत्सर, शरदोत्सव संरक्षक विनय पिंगले किया। अतिथि स्वागत प्रदीप चौधरी, सुनील मतकर, अश्विन खरे, प्रफुल्ल कस्तूरे, सुधीर दांडेकर, अनिल मोड़क, मिलिंद देशपांडे, अनिल चाफेकर ने किया। तीन दिवसीय व्याख्यानमाला का सफल समापन हुआ। संचालन मानसी तरानेकर ने किया। यह जानकारी मृगेन गदेवाडीकर प्रचार प्रमुख ने दी।

# बाहुबली की अनकही कहानी 'बाहुबली : क्राउन ऑफ ब्लड'

**खुलासा फर्स्ट...मुंबई ।** 'बाहुबली' भारत में सबसे ज्यादा पसंद की गई फैंटेसी फ्रेंचाइजी में से एक है। यह सिर्फ एक कहानी नहीं, बल्कि पूरी दुनिया है। बाहुबली की दुनिया में कई अनसुनी, अनदेखी और बिना सबूत की घटनाएं होती रहती हैं। डिज्नी प्लस हॉटस्टार ने फिल्म फ्रैंचाइज हॉट स्टार स्पेशल्स 'बाहुबली : क्राउन ऑफ ब्लड' के प्रीक्वल की घोषणा कर दी है। इस कहानी में बाहुबली और भल्लाल देव अपने सबसे बड़े खतरे, रहस्यमयी सेनापति 'रक्तदेव' से माहिष्मती साम्राज्य और राजगद्दी की रक्षा करने के लिए हाथ मिलाएंगे। बाहुबली : क्राउन ऑफ ब्लड ग्राफिक इंडिया और अर्का मीडिया का प्रोडक्शन है। इसका निर्माण दूरदर्शी फिल्मकार एसएस राजामौली, शरद देवराजन और शोबु यार्लागड्डा ने निर्देशन एवं निर्माण जीवन जे. कांग और नवीन जॉन ने किया है। यह शानदार कहानी दर्शकों को बाहुबली की एनिमेटेड दुनिया में लेकर जाएगी। दर्शक जबर्दस्त रोमांच, भाइचारे, धोखे, संघर्ष और साहस की अनकही दुनिया का अनुभव करेंगे। एक्शन से भरपूर यह दमदार सीरीज 17 मई 2024 से डिज्नी प्लस हॉट स्टार पर स्ट्रीम होगी।













## हजारों श्रद्धालुओं ने रातभर ग्रहण की प्रसादी

**खुलासा फर्स्ट... इंदौर।** हर बार की तरह कल सोमवार को भी **'महाकाल सेना'** और **'खुलासा फर्स्ट'** द्वारा राम रोटी और राम भाजी महाप्रसादी वितरित की गई। प्रसादी का वितरण अलसुबह तक चलता रहा। पंडाल में प्रसादी ग्रहण करने के लिए भक्त लाइन में लगकर **'जय श्री महाकाल'** का उद्घोष कर रहे थे।

### सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य जयंती पर विहिप सामाजिक समरसता विभाग का आयोजन

# अखंड भारत का संकल्प दिलाया

**खुलासा फर्स्ट...इंदौर**

विहिप प्रचार प्रमुख अन्नू गेहलोत ने बताया चक्रवर्ती सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य की जयंती पर एमआर- 10 चौराहा स्थित सम्राट की प्रतिमा पर कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर हिंदू समाज को संगठित होकर अखंड भारत बनाने का संकल्प दिलाया।

मुख्य वक्ता मलवा प्रांत समरसता प्रमुख मुकेश चौधरी ने कहा गुलामी के कालखंड में हमारे गौरवशाली इतिहास की सत्यता छुपाई गई। हमें बताया गया जो जीता वही सिकंदर लेकिन सत्य तो यह है कि जो जीता वह सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य है और जिसने सिकंदर की सेना को भारत से मारकर भगाया वह चंद्रगुप्त मौर्य है। उन्होंने अखंड भारत की भौगोलिक सीमाओं को ईरान इराक तक फैला दिया था। हम सब को मिलकर पुनः अखंड भारत बनाना है।




### ऐसे बना था अखंड भारत

चौधरी ने कहा चंद्रगुप्त का नाम प्राचीनतम अभिलेख साक्ष्य रुद्रदामन का जूनागढ़ अभिलेख में मिलता है। मौर्य का शासन-प्रबंध व्यवस्थित था। इसका परिचय यूनानी राजदूत मेगस्थनीज के विवरण और कौटिल्य के 'अर्थशास्त्र' से मिलता है। चाणक्य के शिष्य चंद्रगुप्त मौर्य (322 से 298 ईपू) का घनानंद से जो युद्ध हुआ था, उसने इतिहास बदल दिया। प्राचीन भारत के 18 जनपदों में से एक था महाजनपद- मगध। राजा था घनानंद। इस युद्ध के बारे में सभी जानते हैं। चंद्रगुप्त ने उसके शासन को उखाड़ फेंका और मौर्य वंश की स्थापना की। विभाग के प्रचार प्रमुख गन्नी चौकसे, अंकित मौर्य, मनोज यादव, उत्तम वालिया, विनोद प्रजापति, रमेश चौकसे, आकाश हेडवे, बड़ी संख्या में विहिप और बजरंग दल कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मतदान थीम पर निकली संस्कार यात्रा, ली शपथ

### साधु-संतों ने दिया मार्गदर्शन

**खुलासा फर्स्ट...इंदौर** | परशुराम जयंती से पहले परंपरागत संस्कार यात्रा निकली। बड़ी संख्या में ब्राह्मणों सहित हिंदू समाजजन उपस्थित हुए। इस्लाम छोड़ हिंदू धर्म अपनाने वाले हरि भी शामिल हुए। उन्होंने कई बातें बताईं और सनातन धर्म की जमकर तारीफ की। संतों ने ब्राह्मणों और हिंदू समाज को किस तरह आगे बढ़ाना है, इस पर मार्गदर्शन दिया। हर साल विशेष थीम को लेकर आयोजन किया जाता है। इस बार थीम लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान रहा। सभी ने मतदान की शपथ ली। यात्रा एरोड्रम क्षेत्र के लोकनायक चौराहे से निकाली गई।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विहिप के प्रांत प्रशासनिक प्रमुख संतोष शर्मा, पूर्व विधायक संजय शुक्ला, पार्षद अश्विन शुक्ल, वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज मिश्र, संदीप दुबे उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक बबलू शर्मा ने बताया हिंदू धर्म अपनाने वाले हरि का सम्मान ब्राह्मण युवाओं ने किया। परशुराम युवा सेवा के संस्थापक वैभव पांडे ने बताया सभी ने एकता का संकल्प लिया। दिनेश शर्मा, कृष्णा राजपुरोहित व लाल गुरु विशेष तौर पर उपस्थित हुए। परशुराम युवा सेवा के मीडिया प्रभारी संदीप मिश्रा ने बताया आभार गौरव पांडे एवम आशीष शुक्ला ने माना। चिंतन त्रिवेदी, राजेश उपाध्याय, राकेश तिवारी, शुभम पुरोहित, राजा वाजपेयी, सचिन दुबे का सहयोग रहा।

### माहेश्वरी प्रीति क्लब पैंथर्स पहुंचा बरदरी

# सैनेटरी पैड बांटकर दूर की मासिक धर्म पर भ्रांति



**खुलासा फर्स्ट...इंदौर**

माहेश्वरी प्रीति क्लब की मिशन सेवा गतिविधि के तहत टीम प्रीति पैंथर ने सोमवार को बरदरी गांव में करीब 25 सदस्यों के साथ ऐसी जगह सेवा गतिविधि की, जो बहुत ही पिछड़ा है। दिहाड़ी मजदूरों का गांव है। क्लब ने गांव की महिलाओं को इकट्ठा कर सेनेटरी पेड बांटकर मासिक धर्म की भ्रांतियों को दूर कर स्वच्छता की सीख दी। पुरुष सदस्यों ने जरूरतमंदों को जरूरत के हिसाब से सामग्री वितरित की। गांव के करीब 100 एवं संस्था के 25 पुरुष एवं महिलाएं सदस्य उपस्थित थीं। प्रवेश शिल्पा सोनी, मोनिका असावा, हेमा कबरा, राधिका माहेश्वरी, सुप्रिया पोंगलिया, गोपाल न्याती, दामोदर असावा, गोपाल लाहोटी, मुकेश कचोलिया, कन्हैया राठी एवं मनोज जाखेटिया विशेष रूप से उपस्थित थे।

शोक संदेश

आपकी इस दु:ख की घड़ी में
हम हैं आपके साथ
आपके अपने अखबार खुलासा फर्स्ट में नि:शुल्क दे सकते हैं शोक संदेश
संपर्क करें :- 88189-56789, 0731-4046789
आप हमें E-Mail भी कर सकते हैं
khulasafirst@gmail.com

## जबलपुर हाईकोर्ट ने दिया फैसला, एफआईआर निरस्त

# पति का अप्राकृतिक सेक्स करना बलात्कार नहीं

**खुलासा फर्स्ट...इंदौर**

जबलपुर हाईकोर्ट ने एक चौंकाने वाला फैसला दिया है। जस्टिस जेएस अहलूवालिया ने कहा कि पति द्वारा किया गया अप्राकृतिक सेक्स बलात्कार की श्रेणी में नहीं आता। इस पर धारा 377 लागू नहीं होती, इसलिए सजा नहीं दी जा सकती। उन्होंने इस संबंध में दायर एफआईआर निरस्त कर दी।

मामले में इंदौर के अभिभाषकों का कहना है कि इस धारा का दुरुपयोग होने लगा था, इसलिए हाईकोर्ट ने ये व्यवस्था दी है। जबकि सामाजिक संगठनों का कहना है कि ये निर्णय महिला अधिकारों के खिलाफ है, इस पर हाईकोर्ट को पुनर्विचार करना चाहिए।

### यह है मामला

24 अक्टूबर 2023 को जबलपुर में ब्याही महिला ने पति के खिलाफ नरसिंहपुर कोतवाली में आईपीसी की धारा 377, 506 के तहत दहेज प्रताड़ना के अलावा शिकायत कर दी। पुलिस ने जीरो पर केस दर्ज कर मामला जबलपुर कोतवाली में भेज दिया। पति ने इस एफआईआर को हाईकोर्ट में चुनौती दी। इस पर जस्टिस जीएस अहलूवालिया की कोर्ट में 2 मई को सुनवाई हुई। पति के वकील साजिदउल्ला का कहना है कि पति-पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है। पत्नी ने पति पर जबरन अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने का आरोप लगाया था। हाईकोर्ट ने यह कहते हुए एफआईआर निरस्त करने के आदेश दिए हैं कि पति-पत्नी के मामलों में धारा 377 लागू नहीं होती। पत्नी से अप्राकृतिक संबंध रेप नहीं होता या इसकी श्रेणी में नहीं आता, इसलिए यह सजा योग्य नहीं है। इसके साथ कोर्ट ने संबंधित मामले में पत्नी द्वारा दर्ज कराई एफआईआर निरस्त करने के आदेश भी दिए हैं। दोनों की शादी 18 मई 2019 को हुई थी। कुछ दिन बाद ही दोनों के बीच विवाद होने लगे। परिजन ने समझाया, लेकिन बात नहीं बनी। युवती ने 2021 में पति समेत सास-ससुर और ननद के खिलाफ नरसिंहपुर कोतवाली थाने में दहेज मांगने और मारपीट की शिकायत कर दी। उधर, पति ने भी जबलपुर कुटुंब न्यायालय में तलाक के लिए आवेदन लगा दिया। यह केस अभी विचाराधीन है।

### क्या कहते हैं अभिभाषक

वरिष्ठ अभिभाषक पुनीत माहेश्वरी ने कहा कि हाईकोर्ट ने अपने फैसले में इस धारा के संबंध में स्थिति स्पष्ट कर दी है। धारा 377 के प्रावधानों में पति-पत्नी का उल्लेख नहीं है कि यदि अप्राकृतिक सेक्स होता है तो उसे अपराध माना जाएगा, लेकिन हाईकोर्ट ने इसे स्पष्ट कर तमाम ऐसे मामलों को रोशनी दिखा दी है। ऐसा भी हो रहा है कि आजकल ज्यादातर पत्नियां जो पति के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस लगाती हैं, वो अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने का आरोप लगाकर अपने केस को मजबूत करना चाहती हैं, लेकिन हाईकोर्ट ने ऐसी पत्नियों को अपने फैसले से कड़ी नसीहत दे दी है। वरिष्ठ वकील संजय मेहरा ने बताया कि ये धारा अप्राकृतिक यौन संबंधों को परिभाषित करती है और कहा है कि यदि स्वेच्छा से भी ऐसा संबंध बनाया गया है तो भी वो अपराध है।

---

## पंपकर्मी और पुलिसकर्मी पिटाईकांड

# पुलिस पर हाथ डालने वालों का निकाला जुलूस

**खुलासा फर्स्ट...इंदौर**

पुलिस की वर्दी पर हाथ डालने वाले नशेड़ी बदमाशों का मल्हारगंज पुलिस ने उसी क्षेत्र में जुलूस निकाला, जहां उन्होंने पंपकर्मी और पुलिसकर्मी से मारपीट की थी। रहवासियों और राहगीरों ने कार्रवाई की सराहना की।

4 अप्रैल की रात मल्हारगंज थाना क्षेत्र के राज मोहल्ला पेट्रोल पंप पर सिपाही नेपाल यादव पेट्रोल भरवाने पहुंचा था। यहां पेट्रोल भरवाकर दो नशेड़ी गुंडे पंप कर्मचारियों से झगड़ा कर मारपीट कर रहे थे। उन्होंने बदमाशों को समझाने की कोशिश की, तो वह पुलिसकर्मी से उलझ बैठे। सिपाही अकेला होने के कारण कुछ नहीं कर सका हमलावरों ने साथी को बुलाकर सिपाही नेपाल यादव के साथ बेरहमी से मारपीट करना शुरू कर दी थी। घटना के बाद पुलिस ने सिपाही नेपाल यादव की शिकायत पर प्रभात पिता सूरज लोयत निवासी हरिजन कॉलोनी राज मोहल्ला और उदितांश उर्फ ओपी पिता कमल मट्टू निवासी हरिजन कॉलोनी राज मोहल्ला पर केस दर्ज करते हुए 24 घंटों में गिरफ्तार कर



लिया। थाने लाकर पुलिसिया अंदाज में जमकर खातिरदारी की गई।

कल टीआई शिव रघुवंशी ने टीम के साथ आरोपियों को उसी इलाके में ले जाकर जुलूस निकाला, जहां उनका आतंक है। आरोपी हाथ जोडकर माफी मांगते नजर आए। जुलूस देख लोग रोक गए और मजमा देखा। पुलिस आरोपियों को बॉन्डओवर करेगी।

---

## कुल में कलह... दादा ने कराई सुलह



### पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की कथा समाप्ति के अगले दिन दो भाजपा नेताओं में हो गई थी मारपीट

**खुलासा फर्स्ट...इंदौर।** इंदौर में भाजपा की राजनीति में एक नाम ऐसा है, जो 'दादा' के रूप में पहचाने जाते हैं, लेकिन ये 'दादा' गुंडागर्दी वाले वो 'दादा' नहीं, जिनसे सब खौफ खाते हों। ये विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-2 के वो 'दादा' हैं, जो कि 'दयालु' हैं।

यानी यहां बात हो रही है, बीते दो विधानसभा चुनावों में प्रदेश की राजनीति में सबसे ज्यादा मतों से जीत हासिल करने वाले आमजन के लोकप्रिय भाजपा विधायक रमेश मेंदोला की। पिछले दिनों इंदौर में बागेश्वर धाम सरकार के पं. धीरेंद्र शास्त्री की कथा हुई। 28 अप्रैल से 4 मई तक चली इस कथा में कहने को तो आयोजक कोई और था, लेकिन ये बात किसी से छिपी नहीं है कि इसके सूत्रधार 'दादा दयालु' रमेश मेंदोला ही थे। कनकेश्वरी देवी मैदान पर हुई सात दिवसीय इस कथा में भक्त जमकर भक्ति में लीन रहे, लेकिन कथा समाप्ति के अगले दिन यानी रविवार को कथा स्थल पर ही किसी बात को लेकर भाजयुमो के पूर्व पदाधिकारी रोहित चौधरी और कथा के मुख्य आयोजक अक्षत चौधरी का किसी बात पर विवाद हो गया।

विवाद इतना बढ़ गया कि नौबत मारपीट तक जा पहुंची। इस दौरान भाजपा विधायक रमेश मेंदोला ने दोनों को समझाकर बुझाकर झगड़ा शांत कराया। बताते हैं दादा ने अपने निराले अंदाज में दोनों को इस तरह से समझाया कि वे पलभर में शांत हो गए और मामले का पटाक्षेप हो गया, अन्यथा बड़ा विवाद हो सकता था।

---

## चाकू की नोंक पर लूटने वाले गिरफ्त में, भागने में टूटे हाथ-पैर

**खुलासा फर्स्ट...इंदौर**

लसूड़िया पुलिस ने चाकू की नोंक पर हुई लूट के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनसे दो मोबाइल, बिना नंबर की बाइक बरामद हुई है। 50 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे खंगालकर पकड़ा गया। भागने में गिरकर बदमाशों के हाथ-पैर टूट गए। 3 मई को विकास कुमार झा निवासी विस्तारा टाउनशिप ने लसूड़िया थाने में लूट का केस दर्ज कराया था। बाइक सवार तीन बदमाश चाकू की नोंक पर उनके तीन मोबाइल, अंगूठी, हाथ घड़ी और नगदी रुपए लूटकर भाग निकले थे।

लसूड़िया पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो बदमाश एमआर-10 तरफ जाते दिखे। यहां से खजराना चौराहा, आनंद बाजार और अनूप नगर पहुंचे। देर रात तक वारदात की नीयत से घूमते रहे। रूट के करीब 50 से अधिक कैमरे खंगालते हुए खजराना की हबीब कॉलोनी के अनस उर्फ



मंजरा पिता असगर खान, राजीव नगर बड़ला के फैजान उर्फ बाबू पिता शकील खान और तंजीम नगर के फरदीन पिता रिजवान सैलानी को पकड़ा गया।






# गैरेज, अटाले और पूजन सामग्री की दुकानों में अग्निकांड



**खुलासा फर्स्ट...इंदौर** | भीषण गर्मी के चलते शहर में आग लगने की घटनाएं सामने आ रही है। कल रात खजराना थाना क्षेत्र के गणेश मंदिर स्थित तीन दुकानों में आग लग गई। आग ने इतनी तेजी से विकराल रूप लिया कि देखते ही देखते तीन दुकानों को चपेट में ले लिया। जानकारी अनुसार गणेश मंदिर के सामने पूजन सामग्री की दुकान, गैरेज और अटाले की दुकान में आग लग गई है। दमकल टीम के पहुंचने से पहले तीन दुकानें भीषण आग के हवाले हो गई। राहगीरों ने सूचना पर खजराना पुलिस को दी, जिसके बाद तत्काल फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और पांच टैंकर से आग पर काबू किया।

## सिर पर पत्थर मारकर हत्या करने वाले को उम्रकैद

**खुलासा फर्स्ट...इंदौर** | पड़ोसन को गालियां देने से मना करने से रोका तो उसके बेटे ने सिर पर पत्थर मार दिया। बाद में अस्पताल में मृत्यु होने पर कोर्ट ने बेटे को उम्रकैद की सजा सुनाई। रावजी बाजार थाना क्षेत्र में खरगोन जिले के सेगांव की मूल निवासी शांतिबाई को 26 जून 2015 को घर से बाहर शौचालय जाती पड़ोसन कृष्णाबाई पति विनोद गर्ग ने किसी बात को लेकर गालियां देना शुरू कर दीं। शांतिबाई के पति सुरेंद्र राठौर ने उसे राका तो न केवल कृष्णाबाई ने उससे हुज्जत की बल्कि उसके बेटे अंकित ने उसके सिर पर पत्थर मार दिया। इससे वो बेहोश हो गया। बाद में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। थाना रावजी बाजार में आरोपी पुत्र अंकित व उसकी मां कृष्णाबाई को कोर्ट में पेश किया। सुरेंद्र की मृत्यु होने पर धारा 302 का इजाफा किया गया। आरोपीगण को गिरफ्तार कर संपत्ति जब्त की गई। जिला लोक अभियोजन अधिकारी संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि सत्ताइसवें अपर सत्र न्यायाधीश गिर्राज प्रसाद गर्ग ने अंकित को उम्रकैद और 2000 रुपए के दंड से दंडित किया।

### निगम अमले ने 100 कट्टे पॉलिथीन व 5 कार्टन प्लास्टिक चम्मच जब्त किए

# अमानक पॉलिथीन का जखीरा मिला, एक लाख रुपए जुर्माना



**खुलासा फर्स्ट...इंदौर**

नगर निगम द्वारा शहर को सिंगल यूज प्लास्टिक एवं अमानक प्रतिबंधित पॉलिथीन से मुक्त बनाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसके चलते निगम अमले ने ट्रांसपोर्ट नगर में कार्रवाई कर 100 कट्टे पॉलिथीन और 5 कार्टन प्लास्टिक चम्मच के पकड़े। निगम दल ने मौके पर ही व्यापारी पर एक लाख रुपए जुर्माना लगा दिया।

स्वास्थ्य अधिकारी गौतम भाटिया ने बताया कि अमानक पॉलिथीन बड़े पैमाने पर रखी होने की सूचना मिली थी। इसके बाद निगम अमले को कार्रवाई के लिए पहुंचाया गया। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य कंट्रोल प्रभारी अनिल सिरसिया के निर्देशन में जोन 13 में महूरानी लॉजिस्टिक्स 184/4 ट्रांसपोर्ट नगर में 30 किलोग्राम के 100 कट्टे पॉलिथीन एवं प्लास्टिक चम्मच के 5 कार्टून जब्त किए गए। इसके साथ ही एक लाख रुपए जुर्माना वसूला गया।

उन्होंने बताया कि निगम का दल सुबह ट्रांसपोर्ट नगर स्थित महूरानी लॉजिस्टिक्स ट्रांसपोर्ट पहुंचा और पुख्ता जानकारी होने के बाद दोपहर 12 बजे जब ट्रांसपोर्ट संचालक द्वारा गोडाउन खोला गया तो निगम स्वास्थ्य विभाग की टीम ने वहां से प्रतिबंधित अमानक स्तर की पॉलिथीन व प्लास्टिक चम्मच जब्त कर संचालक पर स्पॉट फाइन कर राशि वसूली। कार्रवाई के दौरान जोन 13 स्वास्थ्य अधिकारी विवेक गंगराड़े, सीएसआई श्याम मांडेकर, सहायक सीएसआई करतार सिंह, एनजीओ संस्था बेसिक्स के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# धोखा देने वाले प्रेमी और मां पर केस दर्ज





**खुलासा फर्स्ट...इंदौर** | रोहित तू हमेशा खुश रहना, तुमने मुझे कभी समझा नहीं, तुमने मुझे बस यूज किया है। मेरे मरने का कारण तुम नहीं, तुम्हारी मां है अगर तुम मेरे सपोर्ट में होते तो उसको मैं इतना बोलने नहीं देती। जो हुआ ठीक था। सॉरी मैंने तुम्हें बहुत प्यार किया और तुमने अपनी औकात दिखाई। बाय, खुश रहना हमेशा। इंस्टाग्राम पर जहर के साथ यह लिखकर परदेशीपुरा क्षेत्र की एक युवती ने एमआईजी थाना क्षेत्र में रहने वाली अपनी सहेली के घर जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी।

**प्रेमी को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेजा, मां की तलाश शुरू**

पुलिस ने मृतका को प्रताड़ित करने वाले उसके प्रेमी व उसकी मां के खिलाफ केस दर्ज कर प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उसकी मां की तलाश कर रही है। गुरुवार रात परदेशीपुरा क्षेत्र के कुलकर्णी नगर निवासी शिवानी ठाकुर को एमआईजी थाना क्षेत्र में रहने वाली उसकी सहेली एमवाय अस्पताल लेकर पहुंची थी, जहां उसकी मौत हो गई थी। जांच में पता चला कि जहर खाने से पहले उसने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट की थी। जिसमें उसने जहर के फोटो के साथ लिखा था कि उसे प्रेमी रोहित डोनेरे से प्यार में धोखा मिला है, जिसमें उसकी मां रचना डोनेरे द्वारा भी उसे प्रताड़ित किया गया है।

# 1800 रुपए के लिए कर दिया दोहरा हत्याकांड

**खुलासा फर्स्ट...इंदौर** । तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में हुए दोहरे हत्याकांड का खुलासा हो गया हैं। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसने हत्या में शामिल दो साथियों के गुजरात में भागने की बात कबूली है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को नेमावर रोड पर पुल के नीचे खेत में दो लोगों के शव मिले थे। दोनों को नग्न करने के बाद लट्ठ से पीटकर हत्या की बात सामने आई थी। एक की पहचान हरिराम करोड़े और दूसरे की सुरेश गोखले (पालदा) के रूप में हुई थी। दोनों तीन इमली पुल के नीचे रहते और मजदूरी करते थे। सुरेश के परिजन के बयान में सामने आया था कि 25 अप्रैल को तीन-चार लोगों सुरेश के घर पहुंचे थे। उन्होंने रुपयों के लेनदेन को लेकर उसके घर वालों को धमकाया था। पुलिस ने इसी आधार पर जांच की और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर राम नाम के एक आरोपी को हिरासत में लिया। ये आरोपी साथियों के साथ पालदा में खड़ी कराई वसूलता हैं। आरोपी ने खड़ी कराई में हम्माली के कमीशन के 1800 रुपए के लिए हत्या की बात बताई हैं। कहा कि उनका टारगेट सुरेश था, लेकिन हरिराम बीबचाव में मारा गया। वे 2 मई की रात सुरेश को तीन इमली चौराहे से साथ लेकर निकले। हरिराम भी उसके साथ आ गया। जब रुपयों की बात पर सुरेश को पीटने लगे तो हरिराम बार-बार बीच में बोलने लगा। गुस्से में दोनों को निर्वस्त्र करके पीटा। दोनों गालियां दे रहे थे। इसके चलते दौड़ा-दौड़ाकर तब तक लाठियों से पीटा जब तक वो अचेत नहीं हो गए। अब पुलिस को राम के दो साथियों की तलाश है। उनके नाम राम ने पुलिस को बता दिए हैं।

### भाजपा प्रत्याशी शंकर लालवानी ने किया जनसंपर्क

# क्षेत्र-5 में महिलाओं ने लालवानी का जोरदार स्वागत किया

**खुलासा फर्स्ट...इंदौर**

भाजपा प्रत्याशी शंकर लालवानी कल क्षेत्र-5 में जनसंपर्क पर थे। उनका तमाम वार्डों में जोरदार स्वागत किया गया। महिलाओं ने आरती उतार कर जीत का आशीर्वाद दिया। स्वागत के लिए कई मंच लगाए गए थे। ब्राह्मण समाज ने परशुराम फरसा भेंट किया।

जनसंपर्क वार्ड 48, 49, 41, 50, 51, 54, 52 में चला। विधायक महेंद्र हार्डिया के साथ जनसंपर्क की शुरुआत गीता भवन मंदिर में पूजन के बाद की। मंचों से जोरदार स्वागत हुआ। रास्तेभर लालवानी पर पुष्पवर्षा की गई। लालवानी ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील की। बड़ी ग्वालटोली स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में भी दर्शन किए। काफिले में सैकड़ों मातृशक्ति का आशीर्वाद मिला। युवाओं की भारी भीड़ रही। ब्राह्मण समाज ने भगवान परशुराम का फरसा भेंट किया जिसे लालवानी ने जयश्री परशुराम कह स्वीकार किया। कुमावत, जैन सहित कई समाजों ने स्वागत मंच लगाए। कई मंचों से जल व्यवस्था की गई। लालवानी ने कहा 13 मई को ज्यादा से ज्यादा मतदान कर इंदौर को देश में मतदान में भी नंबर वन बनाना है।



प्रभारी मुकेशसिंह राजावत, अनंत पवार, समन्वयक विशाल गिदवानी, पार्षद विजयलक्ष्मी गौहर, अनिल गौहर, एमआईसी सदस्य राजेश उदावत, नंदकिशोर पहाड़िया, होलास सोनी, रमेश भारद्वाज, महेश जोशी, राजेंद्र सिकरवाल, नंदू बौरासी, अजयसिंह नरूका, महेश जोशी, अजय जैन, जितेंद्र चौधरी, नानूराम कुमावत, राजीव जैन, दीपेश मालवीय, प्रणव मंडल साथ थे।

24 घंटे 365 दिन

# खुलासा फर्स्ट

पक्का इंदौरी अखबार

इंदौर, मंगलवार, 07 मई 2024 | 20

## आईपीएल मैचों के सट्टेबाजों पर क्राइम ब्रांच और तीन थाना पुलिस की कार्रवाई

# सटोरियों पर सर्जिकल स्ट्राइक

**खुलासा फर्स्ट...इंदौर**

आईपीएल मैचों के सट्टे में क्राइम ब्रांच और थाना पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। कल फिर क्राइम ब्रांच और तीन थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सटोरियों पर सर्जिकल स्ट्राइक कर दी। बाणगंगा थाना क्षेत्र से 8 तो विजय नगर से सात और पलासिया थाना क्षेत्र से 3 सट्टेबाज बुकी पकड़े गए। खास बात यह कि क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई कर सट्टेबाजों को बाणगंगा थाने भिजवाया तो उनके सहयोगियों ने पहले नेताओं और अफसरों के फोन लगवाकर सेटिंग की कोशिश की, हालांकि टीआई के आगे उनकी एक नहीं चली।

बाणगंगा टीआई लोकेश भदौरिया के अनुसार प्रीमियम पैराडाइज के फ्लैट में आधा दर्जन से ज्यादा सटोरियों के बड़े पैमाने पर सट्टा खाने की खबर मिली थी। इस पर क्राइम ब्रांच और बाणगंगा पुलिस ने दबिश देते हुए एमजी रोड (बड़वानी) के परवेज पिता मजीद शेख (44), ग्राम लौगंसरा (बड़वानी) के पवन पिता बद्रीकर (40), तिलक मार्ग राजपुर (बड़वानी) के मनीष पिता सुरेश मेहता, प्रीमियम पेराडाइज निवासी और मूलतः बिहार के उदयचंद्र पिता लक्ष्मण मुखिया (32), हुकुमचंद कालोनी (इंदौर) के मनीष पिता खेमालाल सोलंकी (33), रितेश पिता ओमप्रकाश अग्रवाल, धीरज पिता श्याम अग्रवाल (34) और पकंज पिता श्याम अग्रवाल (30) को गिरफ्तार किया है। आरोपी

दो दिन से सृजन माहेश्वरी के उक्त फ्लैट में बैठकर बड़े पैमाने पर सट्टा खा रहे थे। आरोपियों के पास से 35 मोबाइल, वाईफाई, तीन लैपटॉप, केल्क्यूलेटर और लाखों रुपए के हिसाब सहित 90 हजार रुपए बरामद किए। इनके रिकॉर्ड और अब तक के सट्टे की काली कमाई की जांच की जाएगी। इन पर आईटी एक्ट भी बढ़ाया जा सकता है।

**सटोरियों की सेवाचाकरी में लगे साथी...** कार्रवाई के बाद जब सट्टेबाजों को बाणगंगा थाने पहुंचाया गया तो सट्टेबाजों के सहयोगियों ने उन्हें थाने से छुड़वाने के लिए अफसरों को नेताओं के फोन लगवाए, लेकिन उनकी पुलिस के आगे एक न चली। इसके बाद मददगार साथी सट्टेबाजों की सेवा करते हुए सटोरियों के लिए खाना और पानी की बोतल लेकर आए, लेकिन टीआई लोकेश भदौरिया ने वीआईपी ट्रीटमेंट देने से साफ इंकार करते हुए सभी सटोरियों को हवालात में डाल दिया।










## बाणगंगा, विजय नगर और पलासिया पुलिस ने पकड़े 18 सट्टेबाज बुकी

### सट्टेबाजी के लिए कॉलेज स्टूडेंट्स को रखा

परसों देर रात विजयनगर और पलासिया पुलिस ने ताबड़तोड़ टीम बनाकर अपने-अपने क्षेत्र में फ्लैटों पर बैठकर सट्टा खाते 10 सटोरियों को पकड़ा। कल आरोपियों को जेल भेज दिया गया। विजयनगर पुलिस ने बी-शेखर प्लानेट की तीसरी मंजिल के फ्लैट नंबर 207 में दबिश देकर रोहित पिता मानिकराम (20) निवासी महालक्ष्मी नगर, अनमोल पिता जगदीश गोस्वामी (21) निवासी महालक्ष्मी नगर मूलत: बालाजीपुरम ग्वालियर, प्रदीप पिता अरविंद जोशी (24) निवासी ग्राम मायापुर शिवपुरी, आदर्श पिता शिशुपाल सिंह परिहार (19) निवासी नवाबशाह रोड जिला शिवपुरी, कपिल पिता शिवकुमार योगी (40) निवासी शिवपुरी, विकास पिता मोहन राठौर (22) निवासी शीतल नगर मूलत: शिवपुरी और विनय पिता भूपेन्द्र सिंह रावत (20) निवासी शिवपुरी को गिरफ्तार किया था। इनसे नौ मोबाइल, दो लैपटॉप, इंटरनेट कनेक्शन और टीवी सहित 75 हजार रुपए नकद मिले हैं। पकड़ाए आरोपी कॉलेज स्टूडेंट्स होने के साथ शिवपुरी के रहने वाले हैं। ये इंदौर में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं, लेकिन पैसों का लालच देकर शिवपुरी के एक कुख्यात सटोरिया उन्हें सट्टे की दुनिया में धकेलकर ऑनलाइन आईडी के माध्यम से सट्टा संचालित करवा रहा था। पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज करते हुए प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की है। शिवपुरी के मुख्य सरगना को भी आरोपी बनाया है। उसकी तलाश के लिए टीम शिवपुरी जाएगी।

उधर, पलासिया पुलिस ने आदर्श रोड नवनीत टावर के फ्लैट नंबर 804 से सूरज पिता राकेश जैन, आलोक पिता राजेश योगी और रोहित पिता गजानंद शर्मा को पकड़ा था। आरोपियों से 10 मोबाइल, एक लैपटॉप, चार्जर और सट्टे में लगे लगभग 16 लाख रुपए का ऑनलाइन लेन-देन का हिसाब मिला।

टीआई मनीष मिश्रा के अनुसार आरोपी कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जाइंट्स क्रिकेट मैच का ऑनलाइन सट्टा वेबसाइट वेगा-09 की आईडी के बांटकर संचालित कर रहे थे। ग्राहकों से सट्टे का लेन-देन भी (यूपीआई) के माध्यम से कर रहे थे। सट्टा एक्ट के साथ प्रतिबंधात्मक और बाउंड ओवर करवाकर आरोपियों के बैंक खातों को फ्रीज करवाकर उन्हें जेल भेज दिया गया।

### सट्टेबाजी के मास्टर माइंड गिरफ्त से दूर


आईपीएल के इस सीजन में अभी तक क्राइम ब्रांच ने जितनी भी कार्रवाई की एक भी केस में मास्टर माइंड का पता नहीं लगाया। वहीं, सट्टेबाजों को थाना पुलिस के हवाले किया गया तो वहां भी महज खानापूर्ति की गई। यानी सट्टे की दुनिया की बड़ी मछलियों की तरफ एक कदम भी आगे नहीं बढ़ाया। किसी भी केस में मास्टर माइंड के नाम का खुलासा नहीं किया। लसूड़िया, राजेंद्र नगर और हीरानगर में पकड़ाए मोहरों से लोटस, लक्की और डायमंड जैसे सटोरियों का नाम सामने आया, लेकिन मोहरों को थाने से ही जमानत दे दी। मास्टर माइंड राजगुरु का नाम सामने आया, लेकिन तकनीकी जांच न होने से केस बंद कर दिया। आईपीएल में सट्टा किंग झाला (आगरा) भी सक्रिय है। द्वारकापुरी में नरेंद्र सोलंकी और विजय नगर में अश्विन सिरोलिया मुख्य एजेंट है। नरेंद्र के विरुद्ध चंदन नगर थाने में केस दर्ज है।

# अजहरुद्दीन ने ब्राह्मण को खिलाया चिकन

- **जोमैटो से ऑनलाइन वेज मंगवाया, बिरयानी ऑन व्हील्स ने नॉनवेज भेजा**
- **पुलिस से शिकायत, हिंदू संगठन के संज्ञान में डालेंगे मामला**

**खुलासा फर्स्ट...इंदौर**

ऑनलाइन खाना मंगवाना एक ब्राह्मण छात्र को महंगा पड़ गया। उसने जोमैटो ऐप पर वेज खाना ऑनलाइन ऑर्डर किया था, लेकिन दुकान संचालक ने चिकन टिक्का भेज दिया। युवक ने वेज खाना समझकर खाया तो पता चला दुकान संचालक ने उसे चिकन टिक्का भेजकर उसकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई। आक्रोशित युवक ने पहले जोमैटो ऐप के हेल्प लाइन नंबर पर शिकायत दर्ज करवाई, लेकिन समाधान नहीं मिलने पर वह एबीवीपी कार्यकर्ताओं के साथ दुकान पर पहुंचा और संचालक को जमकर खरीखोटी सुनाई।








जानकारी के अनुसार तुकोगंज थाना क्षेत्र के 56 दुकान स्थित बिरयानी ऑन व्हील्स नाम से अजहरुद्दीन पिता जाकिर हुसैन निवासी तिरुमला कॉर्पोरेट न्यू पलासिया की दुकान है। कल भोलाराम उस्ताद मार्ग निवासी छात्र अभिषेक शर्मा ने जोमैटो से ऑनलाइन ऑर्डर कर वेज खाना मंगवाया था। (बिरयानी ऑन व्हील्स) के संचालक ने नॉनवेज चिकन टिक्का भेज दिया। छात्र ने जोमैटो ऐप के हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत की, लेकिन समाधान नहीं मिलने पर एबीवीपी कार्यकर्ताओं के साथ दुकान पर पहुंचकर विरोध किया तो दुकान संचालक का कहना था बुकिंग के हिसाब से ऑर्डर भेजा गया है, जिसके बाद हंगामा खड़ा हो गया। एबीवीपी के दीक्षांत पाटीदार ने बताया कि अभिषेक ने ग्रीन मार्क देखकर शुद्ध शाकाहारी भोजन मंगवाया था, लेकिन बिरयानी ऑन व्हील्स ने हिंदुओं को वेज लिखकर नानवेज का खाना भेज रहा है, जिससे कहीं ना कहीं हिंदुओं दर्ज के लोगों के भावनाओं को ठेस पहुंचाई जा रही है। **खुलासा फर्स्ट** टीम ने बिरयानी ऑन व्हील्स दुकान के कर्मचारियों से चर्चा कर कहानी जानने की कोशिश की, लेकिन वह सवालों से बचते नजर आए। उधर, छात्र अभिषेक ने तुकोगंज पुलिस को शिकायत कर कड़ी कार्यवाई की मांग की है। थाना प्रभारी ने छात्र को सुबह बुलाया है।

स्वामी खुलासा फर्स्ट प्रायवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक/प्रकाशक अंकुर जायसवाल द्वारा डी.बी. कार्प लिमिटेड, 44- 45 /ए , 50-51/ए , सेक्टर एफ, इंडस्ट्रियल एरिया , सांवेर रोड इंदौर (म. प्र.) से मुद्रित एवं डीओ-3 शॉपिंग काम्प्लेक्स, ए.बी. रोड, एलआईजी गुरुद्वारा के पास, इंदौर (म. प्र.) से प्रकाशित।
संपादकः अंकुर जायसवाल* | RNI No- MPHIN/2019/77157 * फोन नं. 0731- 4046789 (88189-56789) समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार।